www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 97 । नर्मदापुरम, शुक्रवार 4 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

मत्स्याखेट पर है प्रतिबंध, तवा डैम और नर्मदा नदी से लाई गई मछलियां खुलेआम बाजार में बिक रही है — पृष्ठ 3

आसमां से दिखने वाला भारत ज़मीं पर एकदम अलग है
ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर — पृष्ठ 4

खिरकिया के वार्ड क्रमांक 7 में गंदगी का अंबार, नगर परिषद बेखबर — पृष्ठ 6

बाबा साहब का अपमान करने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही — पृष्ठ 8

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने कार्ययोजना बने

# सस्ते और सुविधाजनक मकान विकसित हों



- भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का करवाएं सर्वेक्षण
- आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को दें प्रोत्साहन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने के लिए सस्ते मकान उपलब्ध करने कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का सर्वेक्षण करवाकर उन पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए। डॉ. यादव ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं अन्य योजनाओं में तैयार किए गए आवासों के आधिपत्य बनने के साथ ही सौंपे जाने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्राथमिकता के आधार पर आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

डॉ. यादव ने नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण की बेहतरी के लिए उद्यानों को विकसित करना और विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कालोनियों के विकास में देश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स एंड कॉलोनाईजस को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा का आधुनिकीकरण तत्काल किया जाए। अंतर्शहरी क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार के लिए नमो ट्रेन की योजना तैयार की जाए। जल्द ही इस पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा कर मदद ली जाएगी। प्रदेश में मीट-मछली के दुकानदारों को व्यवस्थित करने और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए नगरीय निकायों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डॉ. यादव ने सरकारी मदद के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं और निजी दानदाताओं की मदद से धार्मिक क्षेत्रों में दीनदयाल रसोई योजना के विस्तार पर जोर दिया। डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पर्यावरण के लिए जरूरी है कि शहरी क्षेत्रों में आरक्षित भूमि चयनित कर 'नगर वन' अधिक से अधिक विकसित किए जाएं और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाए। उन्होंने विभागीय बैठक में प्रमोशन प्रक्रिया की जानकारी भी ली। डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय-सीमा में प्रमोशन दिया जाए। इससे रिक्त होने वाले पदों पर अभी से भर्ती की प्रक्रिया की कार्य-योजना तैयार कर ली जाए।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन शहरों के विकास में एकीकृत विकास की योजना तैयार की जा रही है। चित्रकूट नगर में 2800 करोड़ की कार्य-योजना तैयार की गई है, जिसमें नगरीय विकास विभाग द्वारा 800 करोड़ का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में हाऊसिंग बोर्ड को निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बादल फटने के बाद 56 लोग लापता

- वाराणसी में हाइवे का हिस्सा 20 फीट धंसा
- मप्र सहित 11 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

**शिमला/ मंडी/ भोपाल, देशबन्धु।** हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से हुई तबाही में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मंडी जिले में लापता लोग 34 से बढ़कर 56 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 46 लोग सराज क्षेत्र के हैं। थुनाग में आठ, गोहर में छह लोगों की मौत, करसोग में एक की मौत, कांगड़ा में दो, नादौन और जोगिंद्रनगर में एक-एक जान गई है। 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद रेस्क्यू और आपदा राहत के लिए वायुसेना की मदद मांगी है। सराज के थुनाग में 16, पखरैर में 18, जरोल में 7, चिऊणी में 4 और पांडवशीला में एक व्यक्ति लापता है। गोहर उपमंडल के स्यांज और बाड़ा परवाड़ा में छह लोगों की मौत हुई हैं जबकि आठ लापता हैं। करसोग उपमंडल में एक की मौत हुई है। जबकि दो लोग लापता हैं। बादल फटने और भूस्खलन के चलते थुनाग और जंजैहली उपमंडल में सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। कई क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हैं।

अब तक 63 लोगों की मौत-सोमवार रात को बादल फटने और भारी बारिश-भूस्खलन से प्रदेश में 100 से अधिक सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मंडी में 154 घर, 106 गोशालाएं, 14 पुल ध्वस्त हो गए हैं। 31 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 164 मवेशियों की मौत हुई है। प्रदेश में सैकड़ों बिजली ट्रांसफार्मर व पेयजल योजनाएं ठप हैं।

उधर मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश सहित 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया। वहीं भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लगाया चुनाव आयोग पर नए नियम थोपने का आरोप, कहा-

# मोहरा बनकर काम कर रहा चुनाव आयोग



पूछा, एक माह में कैसे मतदाता सूची होगी तैयार

**चुनाव आयुक्त तय करेंगे किस नेता से मिलेंगे**

उन्होंने चुनाव आयोग पर नए नियम थोपने का आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर जब कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल मिलने गया तो मुख्य चुनाव आयुक्त धमकाने वाले लहजे में कहते हैं कि ये 'नया चुनाव आयोग है, नया नॉर्मल है'- जिसमें चुनाव आयुक्त तय करेंगे कि वे कांग्रेस के किस नेता से मिलेंगे। उन्होंने आयोग पर नई परंपरा शुरू करने का आरोप लगाया।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि लोकतंत्र ने जनता को मतदान का अधिकार दिया है लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग को मोहरा बनाकर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर साजिशन चोट करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकतंत्र में जिस चुनाव आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना है वो मोहरा बनकर काम कर रहा है। उनका कहना था कि विपक्ष के लोग आयोग से चुनाव में पारदर्शिता संबंधी मामले में मिलने गए। इसी मुद्दे पर लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आयोग से वोटर लिस्ट और वोटिंग के दिन की फुटेज मांग रहे हैं। महीनों तक जवाब नहीं आता तो कैसे भरोसा करें कि वह एक माह में बिहार में मतदाताओं की सूची तैयार कर लेगा।

सवाल है आप क्या विरासत छोड़कर जाएंगे, देश के लोग आपको किस लिए याद रखे। क्या देश चुनाव आयोग के अधिकारियों को इसलिए याद रखेगा कि पूरा विपक्ष वोटर लिस्ट मांग रहा था और उसे लिस्ट नहीं दी जा रही है। वोटिंग के वीडियो फुटेज 45 दिन बाद नहीं दिए जाएंगे और महाराष्ट्र में अचानक पांच बजे के बाद वोटिंग प्रतिशत बढ़ गया, लेकिन आपने आज तक इस पर जवाब नहीं दिया। इसलिए कांग्रेस को लगता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है और यह खतरा सिर्फ विपक्ष के लिए नहीं, बल्कि हर एक वोटर के लिए है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में मतदताओं से जो दस्तावेज मांगे जा रहे हैं वे बिहार की जनता के पास कभी थे ही नहीं या फिर अब बर्बाद हो चुके होंगे। इससे दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, प्रवासी महिलाएं, अनाथ बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। यदि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण को देखेंगे तो 2001-2006 के बीच बिहार में जन्मे सिर्फ 2.28 प्रतिशत बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2002 में बिहार में जन्म पंजीकरण की दर 3.7 प्रतिशत थी, जबकि राष्ट्रीय औसत 56.2 प्रतिशत था। साल 2004-2005 में भी बिहार में जन्म पंजीकरण की दर 11.16 प्रतिशत से भी कम थी, जबकि राष्ट्रीय औसत 60.64 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि लोगों को वोट करने से वंचित रखने का चुनाव आयोग का यह रवैया, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए, उस मौलिक अधिकार का हनन होगा।

## सार-समाचार

### बागेश्वर धाम में टेंट गिरने से एक की मौत, कई घायल

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में अचानक टेंट के गिरने से भगदड़ की स्थिति बन गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई है और कई लोगों के घायल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग गुरुवार सुबह बागेश्वर धाम पहुंचे थे। आरती के दौरान बारिश हो रही थी, इसलिए लोगों ने बचने के लिए टेंट का सहारा लिया। सभी लोग एक स्थान पर टेंट के नीचे जमा हो गए। इस दौरान टेंट का कुछ हिस्सा गिर गया।

### समिक भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष चुने गए

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना है। यह घोषणा राज्य में भाजपा के लिए एक नया अध्याय है, क्योंकि भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परिदृश्य में पार्टी की उपस्थिति को मजबूत करने की भूमिका में कदम रख रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया का समापन एक औपचारिक समारोह में हुआ, जहां रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत सांसद रविशंकर प्रसाद ने भट्टाचार्य के चुनाव के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर किए और आधिकारिक रूप से उनकी नई भूमिका की पुष्टि की।

### रामपुर में डीसीएम व कंटेनर की टक्कर, 3 की मौत

**रामपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां डीसीएम और कंटेनर की जबरदस्त भिड़ंत में तीन की मौत हो गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर सड़क हादसे पर दुख जताया और उन्होंने मृतकों के शोक परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सीएम योगी ने जनपद रामपुर में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### भारत-फ्रांस ने ड्रोन रोधी युद्धाभ्यास किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और फ्रांस की सेनाओं ने एक बेहद महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास 'शक्ति' को अंजाम दिया है। खास बात यह है कि यह आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरा किया गया। अभ्यास के दौरान भारत और फ्रांस की सेनाओं ने भविष्य के युद्धों को ध्यान में रखकर इस युद्धाभ्यास में इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली का समावेश किया। इसके अलावा, ड्रोन रोधी अभियानों जैसे विषयों पर संयुक्त प्रशिक्षण किया। यह पूरा अभ्यास फ्रांस में आयोजित किया गया।

# अमरनाथ यात्रा शुरु



**जम्मू, एजेंसी।** श्रद्धा, भक्ति और आस्था से परिपूर्ण 38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। आज गुरुवार सुबह आरती के साथ यात्रा औपचारिक रूप से शुरू हो गई। अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी की आरती के दौरान देशभर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।

बालटाल और पहलगाम बेस कैंपों से पहला जत्था आज सुबह तड़के गुफा की ओर रवाना हुआ। भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालुओं के जयघोष- हर हर महादेव और बम बम भोले से पहाड़ियां गूंज उठीं। जम्मू बेस कैंप से भी तीर्थयात्रियों का एक और दल सुरक्षा व्यवस्था के बीच पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुआ। गुफा परिसर का आध्यात्मिक वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। आरती में शामिल होकर श्रद्धालु इस पवित्र तीर्थ यात्रा के औपचारिक शुरुआत का हिस्सा बने।

प्रधानमंत्री ने घाना की संसद को किया संबोधित

# हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं, संस्कार है



घाना के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया

**अकरा, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मैं घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करके बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है, जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं 1.4 बिलियन भारतीयों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और सद्भावना लेकर आया हूं। उन्होंने कहा कि भारत को अक्सर लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। हमारे लिए लोकतंत्र केवल शासन की व्यवस्था नहीं है, यह जीवन जीने का एक तरीका है, जो हमारे मौलिक मूल्यों में गहराई से निहित है। हजारों वर्षों से हमने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखा है। वैशाली के प्राचीन गणराज्य से लेकर दुनिया के सबसे पुराने शास्त्रों में से एक ऋग्वेद के ज्ञान तक, जिसमें कहा गया है, 'सभी दिशाओं से अच्छे विचार हमारे पास आएं।' विचारों के प्रति यह खुलापन हमारे लोकतांत्रिक लोकाचार के मूल में है। भारत में 2,000 से अधिक राजनीतिक दल, 22 भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। यह विविधता कोई चुनौती नहीं है। यह हमारी ताकत है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है। आपका राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' प्राप्त करना एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं इसे हमेशा संजोकर रखूंगा।

### 22वीं मंजिल पर स्विमिंग पूल में गिरकर डिलीवरी बॉय की मौत

**मुंबई, एजेंसी।** ऐप के जरिये खाना उपलब्ध करवाने वाली कंपनी के 45 वर्षीय एजेंट की सोमवार को दक्षिण मुंबई की एक इमारत की 22वीं मंजिल पर स्थित स्विमिंग पूल में फिसलकर मौत हो गई। डोंगरी निवासी इमरान खोदाजा ग्रांट रोड रेलवे स्टेशन के पास एक इमारत में खाना पहुंचाने जा रहे थाक्ष। रात करीब 11.45 बजे जब यह हादसा हुआ, तब वह फोन पर बात कर रहा था। पुलिस ने बताया कि इमारत के सीसीटीवी फुटेज में दिखाया गया है कि खोदाजा स्विमिंग पूल के पास से गुजरा और उसमें गिर गया। जिन लोगों ने खाना ऑर्डर किया था, वे खोदाजा को देखने के लिए बाहर आये, क्योंकि उनके सुरक्षा प्रहरी ने बताया था कि डिलीवरी बॉय आ रहा है।

मंदिर के महंत ने स्कूल पर जड़ दिया ताला

# सड़क पर लगी कक्षा

- मंदिर ट्रस्ट की जमीन पर है स्कूल, एक साल का करार था
- न्यायालय से मंदिर ट्रस्ट के पक्ष में फैसला आने पर जड़ा ताला
- गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन, तब जागा प्रशासन



पंचनामा तैयार हुआ, तब खुला स्कूल

*__मंडला, देशबन्धु।__ त्रिवेणी संगम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब मंदिर ट्रस्ट के महंत दीपक दास ने स्कूल के मुख्य द्वार और कक्षाओं में ताले जड़ दिए। इसके चलते छात्र-छात्राओं को मजबूरी में सड़क किनारे चटाई बिछाकर पढ़ाई करनी पड़ी।*

*इस पूरे घटनाक्रम के पीछे ज़मीन को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। महंत दीपक दास ने दावा किया कि स्कूल मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर संचालित हो रहा है। यह भूमि सिर्फ एक वर्ष की अनुमति के तहत स्कूल को दी गई थी। समयसीमा समाप्त होने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने भूमि खाली नहीं की। आरोप यह भी लगाया गया कि स्कूल प्रबंधन ने मंदिर से जुड़े संतों के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी, जिससे मंदिर ट्रस्ट ने नाराजगी जताई।*

*महंत दीपक दास ने इस विवाद को न्यायालय में उठाया था, जहां से फैसला मंदिर ट्रस्ट के पक्ष में आया। न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए ट्रस्ट ने स्कूल में तालाबंदी कर दी। जब छात्रों और अभिभावकों को तालाबंदी की जानकारी हुई तो स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। छात्रों को सड़क पर बैठकर पढ़ते देख लोगों ने नाराजगी जताई और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम मंडला, तहसीलदार, आरआई, पटवारी और महाराजपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।*

**शाला प्रबंधन ने कहा- हम कोर्ट जाएंगे**

*अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत करने की कोशिश की। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पंचनामा तैयार कर स्कूल का ताला खुलवाया गया, जिससे बच्चों की पढ़ाई दोबारा शुरू हो सकी। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हालांकि स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वे भी अब इस मामले में न्यायालय का रुख करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।*

*इस घटनाक्रम से स्थानीय समुदाय में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लोगों का कहना है कि ऐसे विवादों का असर मासूम छात्रों की शिक्षा पर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की है कि स्थायी समाधान के लिए जल्द हस्तक्षेप किया जाए। इस घटना ने एक बार फिर धार्मिक ट्रस्ट और शिक्षण संस्थानों के बीच स्पष्ट समझौते की आवश्यकता को उजागर कर दिया है, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियां न बनें।*

केजरीवाल ने किया ऐलान

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी 'आप'

**गांधीनगर, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी की एंट्री होने वाली है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसका ऐलान किया है। केजरीवाल ने यह भी घोषणा की है कि राज्य में आम आदमी पार्टी बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन से अलग होने का भी ऐलान किया है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। बिहार में चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा, आम आदमी पार्टी इस बार बिहार में चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'इंडिया अलायंस सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारी तरफ से कोई गठबंधन नहीं है।' उन्होंने कांग्रेस पर भी जवाब दिया और कहा, हमारा कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। अगर कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन होता तो वो लोग विसावदर (गुजरात की विधानसभा क्षेत्र) में क्यों चुनाव लड़े? वो विसावदर में हमें चुनाव हराने के लिए आए थे। बीजेपी ने विसावदर में कांग्रेस को हमें हराने के लिए भेजा था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में इस बार चुनाव जीतने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम गुजरात में चुनाव लड़ेंगे, चुनाव जीतेंगे और सरकार भी बनाएंगे। केजरीवाल ने कहा, गुजरात में बदलाव का भरोसा अब हर गुजराती के दिल की आवाज बन चुका है। अब गुजरात जुड़ेगा, अब गुजरात बदलेगा। 'आप' संयोजक ने पंजाब में भी दोबारा चुनाव जीतकर सरकार बनाने का दावा किया है।

# यूको बैंक से 6 हज़ार करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में सीए गिरफ़्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक से 6 हज़ार करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट अनंत कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाई कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा अन्य संस्थाओं से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों की धनशोधन कानून के तहत की गई है। अनंत अग्रवाल को कोलकाता की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 5 जुलाई 2025 तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है।

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि अनंत अग्रवाल ने यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुबोध कुमार गोयल के इशारे पर काले धन को सफेद करने का पूरा संजाल तैयार किया था। उसने नकली कंपनियां बनाकर करोड़ों रुपये के फर्जी लेन-देन किये, जिसमें बोगस अनसिक्योर्ड लोन और फर्जी शेयर पूंजी शामिल है। इसके बदले उसे मोटी रकम भी मिली। इसके अलावा वह कई कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर भी था, जो सीधे इस अवैध फंडिंग में शामिल थीं।

**ईडी ने कहा - बैंक अध्यक्ष के इशारे पर किया गया घोटाला**

इस मामले में इससे पहले सुबोध कुमार गोयल को इसी साल 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी की जांच के अनुसार, उन्होंने कॉनकास्ट को 1460 करोड़ से ज़्यादा के ऋण मंजूर किये, जो बाद में एनपीए में तब्दील हो गए। इस लोन के बदले गोयल को नगद, कीमती संपत्तियां, लग्ज़री आइटम्स और कई सेवाएं बतौर रिश्वत मिली, जिसे उन्होंने फर्जी कंपनियों के जरिए टैक्स से छिपाया।

ईडी ने इस मामले से जुड़े कई लोगों के खिलाफ़ दिल्ली-एनसीआर में भी छापेमारी की, जिन पर जांच में फंसे लोगों से पैसे वसूलने और उन्हें जांच में राहत दिलाने का झांसा देने का आरोप है। इन छापों में नकद, सोना, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए हैं.फिलहाल मामले की जांच तेजी से जारी है और ईडी कई और बड़े खुलासे कर सकती है।

# एमजीएम कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

**इटारसी, देशबन्धु।** एमजीएम कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इटारसी श्रीमती रितु मेहरा, महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ अरविंद शर्मा, प्रवेश प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी, सहा. प्रवेश प्रभारी डॉ. व्ही के कृष्ण एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर पीके अग्रवाल मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्राचार्य डॉ. अरविंद शर्मा ने अतिथियों एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत उद्बोधन में कहा कि किसी भी महाविद्यालय की पहचान वहां के विद्यार्थी एवं शिक्षकों से होती है, आपने अपने सुनहरे भविष्य के लिए इस महाविद्यालय का चयन किया, आप सभी बधाई के पात्र हैं। विगत सत्र में महाविद्यालय के विद्यार्थियों न केवल शैक्षणिक बल्कि सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस में भी उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की है अत: एक बेहतर वातावरण इस महाविद्यालय में आपके लिए उपलब्ध है। इस अवसर प्रवेश समिति की नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि तिवारी द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही जॉब ओरिएंट कोस एईडीपी में एडमिशन के लिए विद्यार्थियों से आह्वान किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा



ने विद्यार्थी जीवन के अपने अनुभव साझा करते हुए, विद्यार्थियों से अपनी रुचि अनुरूप लक्ष्य निर्धारण करने एवं संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आहान किया। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपको महाविद्यालय में किसी प्रकार की भी समस्या हो तो आप व्यक्तिगत रूप से मुझसे मिल सकते हैं, आपकी सुविधाओं और आपके सुनहरे भविष्य के लिए महाविद्यालय परिवार सामूहिक रूप से प्रयासरत हैं। समापन समारोह में बीकॉम प्रथम वर्ष की नव प्रवेशित छात्रा सलोनी तिवारी ने सत्यम शिवम सुंदरम गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही बीए, बीएससी, बीकॉम और एमएससी के छात्र/छात्राओं प्रांजल गौर, संजय चौरे, जय सोनी, काशिफा खान द्वारा तीन दिवसीय आयोजन में अपने फीडबैक दिए। तृतीय वर्ष एनसीसी की छात्रा कौशर खान द्वारा अनोखे अंदाज में महाविद्यालय के अपने अनुभव साझा किए। प्रवेश समिति के सहायक नोडल डॉ व्ही के कृष्ण ने मुख्य अतिथि सहित नव प्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार और धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में नव प्रवेशित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार चौरे ने किया।

## दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेशित छात्रों को दिया मार्गदर्शन

**इटारसी, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह मनाया गया। दीक्षारंभ समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस करने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बताने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। प्राचार्य डॉ नीता राजपूत के संरक्षण और मार्गदर्शन, मुख्य अतिथि, समस्त प्राध्यापक, मार्गदर्शक, वरिष्ठ छात्र एवं पूर्व विद्यार्थियों की उपस्थिति में समारोह का उद्घाटन किया। इस



अवसर पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक, पुष्प गुच्छ तथा उपहार भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य ने सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियो को प्रथम वर्ष में प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से किया गया आपका प्रत्येक कार्य विकसित राष्ट्र निर्माण का आधार बनेगा। साथ ही महाविद्यालयीन संरचना और शैक्षणिक गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों ने एवं विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया गया। डॉ हिमांशु चौरसिया ने समय प्रबंधन ,बायोमेट्रिक, डॉ प्रवीण कुमार ने नई शिक्षा नीति, डॉ राधा आशीष पांडे ने खेल गतिविधियों तथा संकाय जानकारी से डॉ सतीश ठाकरे ने अवगत कराया। पूर्व छात्र अंकित यादव ने अपने शैक्षणिक अनुभवों को नए विद्यार्थियों के साथ साझा किया। युवा उत्सव और सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में श्रीमती संध्या उपाध्याय, पुस्तकालय तथा ई लाइब्रेरी की विस्तृत जानकारी डॉ धीरज गुप्ता ने प्रदान की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय पिपरिया के प्राध्यापक शरद कुमार राय ने नई शिक्षा नीति को रोजगार परक बताते हुए पाठ्यक्रम और परीक्षा योजना के बारे में बताया। इसी अवसर पर श्रीमती कामधेनु पटोदिया ने कहानियों के माध्यम से मोटिवेशनल व्याख्यान प्रदान किया एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भेंट किए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ मंजू मालवीय ने अपनी प्रेरणादाई कहानी के माध्यम से जीवन पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ वेद प्रकाश भारद्वाज एवं डॉ सौरभ तिवारी ने समस्त विभागों का भ्रमण कर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय परिवार से सतीश पाली, आलोक पांडे, नीरज बिदुआ, श्रीमती रेखा चौबे, सुश्री तनीशा साहू, श्रीमती सकून भलावी एवं राकेश अहिरवार सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नव प्रवेशित छात्राओं को कराया विभिन्न विभागों का भ्रमण

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह के अंतर्गत नवप्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने बताया दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित छात्राओं ने संकाय एवं प्राध्यापकों का परिचय, परिसर का अवलोकन, अधोसंरचना, शैक्षणिक संरचना, परीक्षा प्रणानी का परिचय, वरिष्ट छात्राओं के साथ मेल मिलाप, विभागों एवं पाठ्यक्रमों का परिचय, प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर प्रयोगशाला, पुस्तकालय, क्रीड़ा विभाग, महिला जिम, प्लेसमेंट सेल का अवलोकन किया। महाविद्यालय की आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. हरजीत रंधावा ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम आदि के विषयों पर चर्चा की। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने बताया कि नव प्रवेशित विद्यार्थियों को नवीन परिवेश में सहज महसूस कराने तथा उन्हें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति एवं संस्कृति को सिखाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में दीक्षारंभ



समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. संजय आर्य ने छात्राओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों से अवगत कराया तथा युवा-उत्सव के विषय में विस्तार से चर्चा की। डॉ. हर्षा शर्मा ने सतत् व्यापक मूल्यांकन, परीक्षा, पाठ्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा की। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट ने महाविद्यालय में संचालित खेलों से अवगत कराया। अंत में सभी प्राध्याकों ने अपना-अपना परिचय एवं अपने विभाग के विषय में जानकारी दी। सभी नवप्रवेशित छाताओं ने प्राणिशास्त्र, भौतिकशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, रसायनशास्त्र, भूगोल, कम्प्यूटर प्रयोगशाला तथा ग्रन्थालय, क्रीडा विभाग का भ्रमण किया। कार्यक्रम में मंजरी अवस्थी, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. मुकेश चंद्र विष्ट, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. नेहा सिकरवार, करिश्मा कश्यप, शोभा मीणा, प्रिया कलोसिया, करिश्मा कश्यप, तरुणा तिवारी, क्षमा वर्मा, हेमंत गोहिया एवं नव प्रवेशित छात्राएं उपस्थित थीं।

## सार-समाचार

### विश्व आदिवासी दिवस मनाने बैठक 6 को

**इटारसी, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इसकी रूपरेखा बनाने के लिए 6 अगस्त को एक बैठक का आयोजन रानी दुर्गावती तिराहा वार्ड 3 गोंडी मोहल्ला में होगा। समाज के आकाश कुशराम ने बताया कि आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण दिन उत्साह और हमारी संस्कृति को दर्शाता 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त तैयारियों की रूपरेखा के लिए 06 जुलाई 2025, रविवार को सुबह 11 बजे से रानी दुर्गावती तिराहा वार्ड 03 गोंडी मोहल्ला पुरानी इटारसी में एक बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने समाज के सभी वरिष्ठ, मातृशक्तियों एवं युवाओं से आग्रह किया है सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने सुझाव प्रस्तुत करें।

### वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मजदूर हित के लिए दे रहा धरना

**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा 1 जुलाई से 4 जुलाई तक रनिंग स्टाफ के साथ रेलवे बोर्ड एवं प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। महामंत्री अशोक शर्मा मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में हर स्टेशन की लॉबियों पर धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं। मुख्य मांग यह है कि यदि रेल प्रशासन सिम प्रदान कर रहा है तो रेलवे कर्मचारियों को मोबाइल क्यों नहीं दे रहा। इसी मांग को लेकर 4 जुलाई को मंडल कार्यालय में भोपाल मंडल के सभी शाखाओं के रनिंग लाइन के पदाधिकारी युवा साथियों द्वारा अपने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी लोको रनिंग ब्रांच के उपाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी द्वारा दी गई। श्री चतुर्वेदी ने पांचों शाखाओं के अध्यक्ष सचिव मांग की है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी शाखा के साथ युवा साथियों के साथ भोपाल पहुंचकर धरना, प्रदर्शन को सफल बनाएं।

### ईरानी समुदाय ने मुहर्रम के मौके पर निकाला मातमी जुलूस

इटारसी, देशबन्धु। शहर में ईरानी समुदाय ने मुहर्रम के मौके पर मातमी जुलूस निकाला। जुलूस में महिलाएं बच्चे बुजुर्ग शामिल हुए। यह जुलूस इमाम हुसैन की शहादत को याद करके निकाला गया, जो कर्बला की जंग में शहीद हो गए थे। जुलूस में समुदाय के लोग मातम मनाते हुए शामिल हुए और शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचे।

मुहर्रम के मौके पर ईरानी समुदाय द्वारा निकाले जाने वाले इस जुलूस को मातमी जुलूस कहा जाता है, क्योंकि यह इमाम हुसैन की शहादत के गम में निकाला जाता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, मुहर्रम के महीने का दसवा दिन, जिसे आशूरा भी कहा जाता है, इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का दिन है। जुलूस के दौरान, समुदाय के लोग पारंपरिक रूप से मातम मनाते हैं, जिसमें काले कपड़े पहनना, छाती पीटना और नारे लगाना शामिल है। इटारसी में, यह जुलूस ईरानी इमामबाड़ा से शुरू होकर शहर के मख्य मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचा, जहां समुदाय के लोगों ने मातम का प्रदर्शन किया।

## इंदौर जा रही बस में तोड़फोड़, 2 पर मामला दर्ज

**पिपरिया, देशबन्धु।** बीती रात छिंदवाड़ा से इंदौर जा रही ओम शांति बस पर पिपरिया में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने 2 लोगों पर मामला दर्ज किया है। छिंदवाड़ा से इंदौर जा रही बस क्रमांक क्क 09क्क7299 बुधवार रात्रि साढ़े 11 बजे जैसे ही शहर के पचमढ़ी रोड क्षेत्र से निकली। वहां कुछ लोग रोड पर खड़े हुए थे। बस उन लोगों के पास से रफ्तार से निकल गई। जिससे लोग को बुरा लगा और लोगों ने मोटरसाइकिल से बस का पीछा कर ड्राइवर को उतार कर मारा। बस के सामने के कांच फोड़ दिए। ड्राइवर जैसे तैसे बस को लेकर मंगलवार चौराहे पर आया बाइक सवारों ने पीछा करते मंगलवार चौराहे पर भी बस को रोक लिया। वहां भी ड्राइवर के साथ मारपीट की गई। सूचना मिलते ही थाना मंगलवारा पुलिस ने तोड़फोड़ करने वालों को पकड़ लिया। ए एस आई पर्वत सिंह ने बताया ड्राइवर के साथ मारपीट करने वालों को पकड़ा। घटना स्टेशन रोड थाने की होने के कारण घटना की सूचना संबंधित थाने को दी गई। स्टेशन रोड थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया ओम शांति बस में हुई तोड़फोड़ एवं मारपीट की घटना में ड्राइवर ठाकुरलाल पडोरिया की शिकायत पर मोंटी ठाकुर पिता बंटी ठाकुर उम्र 26 साल एवं शुभम पिता बंटी ठाकुर उम्र 22 साल दोनों निवासी राजीव गांधी वार्ड पिपरिया के खिलाफ प्राकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

## भक्तों का यह दल कल 4 जुलाई को कटरा पहुंचेगा जहां शाम को भंडारा होगा

# तीन सैंकड़ा भक त आज निकले वैष्णोदेवी के दर्शन करने

**पिपरिया, देशबन्धु।** आज सुबह झेलम एक्सप्रेस से करीब तीन सौ भक्त माता वैष्णों के दर्शन करने के लिए निकले हैं। माता वैष्णोदेवी दर्शन यात्रा का यह पचासवा वर्ष है। भक्तों का यह दल कल 4 जुलाई को कटरा पहुंचेगा जहां शाम को भंडारा होगा और भजन-कीर्तन के बाद माता के दर्शन के लिए पहाड़ की चढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। 5 जुलाई को सभी भक्त माता के दर्शन करेंगे। यात्रा समिति के संयोजक सतीश बतरा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शहर के करीब 300 श्रद्धालुओं का जत्था आज 3 जुलाई को रवाना हुआ। श्री



दुर्गा चौक स्थित मंदिर से माता का दरबार सजाकर रेलवे स्टेशन ले जाया गया है। सभी यात्री रेलवे स्टेशन से झेलम एक्सप्रेस से रवाना हुए। तीर्थयात्रियों ने ट्रेन की एक बोगी में दरबार सजाया है जहां दोनों वक्त माता की आरती और प्रसाद वितरण होगा।

## पुलिस सुरक्षा में टोकन सिस्टम से खाद ले रहे किसान



**पिपरिया, देशबन्धु।** शहर के आसपास के ग्रामीण अंचलों में किसानों के द्वारा खरीफ फसल की तैयारी की जा रही है। वहीं बोवनी कार्य के लिए किसानों को डीएपी लेने सहकारी गोदाम में शासन के द्वारा टोकन व्यवस्था की गई है। जहां गुरुवार को पुलिस सुरक्षा में डीएपी खाद का विक्रय किया गया।

खेड़ा स्थित खाद गोदाम कार्यालय और वितरण की व्यवस्थाओं को देखने टीआई गौरव सिंह बुंदेला पहुंचे। खाद वितरण की व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों से चर्चा भी टीआई ने की। इसके साथ ही किसानों से भी टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बातचीत की। खाद वितरण केन्द्र पर पुलिस व्यवस्था भी की गई है। शहर के खेड़ा स्थित सहकारी गोदाम में शासन के द्वारा डीएपी खाद की हर साल व्यवस्था की जाती है। जहां पर किसानों की अत्यधिक भीड़ होने की वजह से टोकन सिस्टम के माध्यम से खाद के विक्रय के लिए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था लगाई जाती है ताकि किसानों को आसानी से खाद की सुविधा मिल सके। बीते एक पखवाड़े से क्षेत्र के किसानों के द्वारा अपने वाहनों को खेड़ा क्षेत्र में सहकारी गोदाम ले जाया जा रहा है जहां पर किसानों को दिए गए टोकन का नंबर आने पर उन्हें सहकारी गोदाम से खाद का विक्रय किया जा रहा है। जिससे कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश किसानों को खरीफ फसलों के लिए खाद की व्यवस्था की जा सके।

## जगन्नाथ रथयात्रा का रथ खींचने लगी भक्तों में होड़



**इटारसी, देशबन्धु।** इस्कान नर्मदापुरम ने आज यहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली। सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने श्री द्वारिकाधीश मंदिर के पास पहुंचकर रथ को खींचा और रथयात्रा में रथ के साथ सफर पूरा किया। आज दोपहर तुलसी चौक से रथयात्रा का शुभारंभ किया गया। इटारसी में यह रथयात्रा दूसरे वर्ष निकाली गई। रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व भगवान को भोग अर्पण किया गया। भगवान की महाआरती के बाद रथयात्रा प्रारंभ की गई। संपूर्ण रथयात्रा के दौरान भक्तों को महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया रथयात्रा श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक होते हुए पुराना देना बैंक से, बस स्टैंड के सामने से रेलवे स्टेशन, चौपाटी, रेस्ट हाउस से ऑडिटोरियम के पास से मेजर ध्यानचंद चौक, अटल पार्क के सामने से कॉन्वेंट स्कूल के सामने होकर नवग्रह दुर्गा मंदिर, चामुंडा चौराह, बीएसएनएल आफिस के सामने से जनता टाकीज रोड, नेहरुगंज तिराहा होकर जयस्तंभ चौक होते हुए वापस श्री द्वारिकाधीश मंदिर में समापन किया गया।

### भीख मांगने और कुशासन पर लगे लगाम

## नर्मदापुरम को स्माइल योजना में शामिल करने की मांग तेज

**इटारसी, देशबन्धु।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं मुस्कान संस्था व खाटू श्याम रसोई के संचालक मनीष ठाकुर ने भारत सरकार की स्माइल योजना को नर्मदापुरम जिले में लागू करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि यह योजना भोपाल में सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के लिए लागू है, ठीक उसी तरह इसे इटारसी और नर्मदापुरम में भी लागू किया जाए ताकि यहां भी हकदारों को उनका हक दिया जा सके। स्माइल योजना का उद्देश्य सम्मान के साथ पुनर्वास की व्यवस्था, समाज में भिक्षावृत्ति समाप्त करना, कौशल विकास व स्वावलंबन के जरिए आजीविका सुनिश्चित करना। वर्तमान में यह योजना केवल राजधानी भोपाल व कुछ चुनिंदा प्रमुख स्थलों पर लागू है, जबकि नर्मदापुरम धार्मिक, सामाजिक और भूगोलिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की मां नर्मदा की पावन धारा, राजराजेश्वरी माता मेला, नर्मदा कॉरिडोर जैसे आयोजन देशभर से श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं वहीं, इटारसी जंक्शन के कारण बाहर से बड़ी आबादी का रोज आना-जाना होता है। ऐसे स्थलों पर भी भीख मांगने जैसी गतिविधियां सामाजिक वातावरण और धार्मिक आस्था को आहत करती हैं और सरकार की योजनाओं के महत्व को कम करती हैं और यहां की छवि भी प्रभावित होती है। सख्त कार्रवाई की मांग-मनीष ठाकुर ने कहा कि स्माइल योजना नर्मदापुरम में लागू हो, ताकि न केवल भीख मांगने वालों और ट्रांसजेंडर्स की छवि बदले, बल्कि पर्यटन स्थल की गरिमा और व्यवस्था भी बेहतर बनाई जा सके। उन्होंने प्रशासन से जिला कलेक्टर को पत्र भेज कर रक्षा सेवा की तर्ज पर हकदारों के लिए पुनर्वास व्यवस्था लागू करने की अपील की। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा-ठाकुर ने नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार को पत्र भेज कर नर्मदापुरम जिले को भी इस योजना में शामिल कराएं।

### भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय आव्हान पर

# आठवे पे कमीशन गठन, ओपीएस सहित अन्य मांगों को लेकर मजदूर संघ ने की नारेबाजी

**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय आव्हान पर आयुध निर्माणी इटारसी में आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ ने आज सुबह विरोध कार्यक्रम के तहत नारेबाजी की एवं विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को नामित ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल को दिया।

इस अवसर पर भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के जेसीएम तृतीय स्तर अमित बाजपेयी, यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र मेघवाल, महामंत्री श्रीकृष्ण शर्मा, जेसीएम सदस्य योगेश पटेल, राजेश रोशन एवं दीपेश यादव, रमेश कुमार, दिनेश यादव, देवेंद्र चौधरी, हमीर सिंह, रविंद्र मालवीय, प्रशांत चौरे, सचिन श्रीवास्तव, रामू सिंह, अजीत पटेल, नवल पटवा, जोधराज पारेता, अतुल कुमार, जितेंद्र नगर, सेवक राम साहू, सुरजीत तोमर, राजेंद्र कुमार, भगवान दास, नितिन चौहान, महेंद्र नागर, नीरज महतो, विक्रम वर्मा, रमेश कुमार, प्रभास कुमार मुख्य रूप से एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### ज्ञापन में मुख्य मांगें

आठवे पे कमीशन का अविलंब गठन किया जाए। समान पदस्थ गैर याचिकाकर्ता कर्मचारी को न्यायिक फैसलों ( सेवा संबंधी मामलों) में राहत दी जाए। नई पेंशन स्कीम एवं यूनाइटेड पेंशन स्कीम के स्थान पर ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल किया जाए। आयुध निर्माणी इटारसी के स्थानीय मुद्दे अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। जर्जर हो चुके अवसान के स्थान पर नए आवासों का निर्माण कराया जाए। निर्माणी में उत्पादन संयंत्र पुराने हो चुके हैं उनके स्थान पर उच्च गुणवत्ता वाले नए संयंत्र लगाए जाएं। उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी निर्माणी के उत्पादों के लिए रॉ मैटेरियल एवं हार्डवेयर समय पर उपलब्ध करवाया जाए।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## कॉलोनी में भराया पानी, रहवासियों ने की प्रशासन से शिकायत

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कुलामड़ी रोड स्थित एसआरपी ग्रीन कालोनीवासी बारिश के पानी के भरने से परेशान है।



कालोनी वासियों ने बताया कि सर्वसुविधा का सपना दिखाकर मकान बेचने वालों के कारण बाढ के हालात जैसा जीवन बसर कर रहे हैं। कालोनीवासियों का कहना कि सर्वाधिक परेशानी बच्चे, महिला और बुजुर्गो को हो रही है, साथ ही बीमारी का खतरा भी सभी को सता रहा है। कालोनी वासियों ने प्रशासन से आवेदन देकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर समस्याओं से मुक्त कराने की गुहार लगाई है। अभी तो बारिश प्रारंभ ही हुई है और अभी से इस तरह की स्थिति है लगातार बारिश होगी तो हालात बहुत खराब हो जाएंगे। कालोनीवासियों का हाल और बुरा हो जाएगा। कॉलोनाइजर ने अपनी कॉलोनी को सर्वसुविधायुक्त बताकर मकान बेचे है और परेशानियों सामना कॉलोनीवासी को करना पड़ रहा है। रहवासीअपने आप को कॉलोनाइजर से ठगा महसूस कर रहे है।

## मोहर्रम पर निकला अखाड़ा



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मोहर्रम की 7 तारीख़ को स्थानीय जुमेराती से या अली अखाड़ा निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ सराफा, मोरछली चौक , फ़ाज़िल मंज़िल से जयस्तम्भ होते हुए जुमेराती पहुचा , अखाड़े मे नौजवानो ने अपने प्रदर्शन और करतब दिखाए , स्थानीय बड़ी सवारी फ़ाज़िल मंज़िल पर आज़ाद इस्लामिया कमेटी द्वारा अखाड़ो के उस्तादों का पुष्प माला से स्वागत किया गया जहाँ नौजवानो ने अपनी कला का शानदार मुज़ाहिरा किया।अखाड़े मे प्रमुख रूप से वाहिद सेठ , फैज़ान उल हक़, गुलाम मुस्तफ़ा , रिज़वान, खान, अखाड़ा गुलाम अली, बबलू भाइ, जफर भाई, शरीफ भाई , हाशिम खान ,गुलाम हैदर, मोहम्मद, फैज़ान खान, आमिर, मोहम्मद उमर, नूर मोहम्मद , इमरान खान, शाकिर खान, आदि उपस्तिथ थे।

## मुख्यमंत्री आज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित करेंगे लैपटॉप की राशि

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप के लिये राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टिमरनी व खिरकिया में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होने जिले के सभी शासकीय व अशासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि ऐसे विद्यार्थी जिन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से लेपटॉप क्रय करने के लिये राशि प्रदाय की जाना है।

# मत्स्याखेट पर है प्रतिबंध, फिर भी तवा और नर्मदा से लाई गईं मछलियां खुलेआम बाजार में बिक रही

**सोहागपुर, देशबन्धु।** वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों का प्रजनन काल होता है जिसके चलते मछली मारने पर 2 माह के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाता है। वर्तमान में भी 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध हैं।

परंतु नगर में मछली विक्रेता प्रजनन काल के दौरान मछली को मार कर उसके अंडे तक डेढ़ सौ रुपए से 200 तक बेच रहे हैं। मछलियां नर्मदा नदी से मारकर रेवा वानखेडी और पामली घाटों से प्रतिदिन दुपहिया वाहनों से आती हैं। इसके साथ ही तवाडैम बैक वॉटर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से कुछ कर्मचारियों की मिली भगत से भी भारी मात्रा में खुलेआम मोटरसाइकिल और साइकिलों से मछलियां लाई जाती हैं। यह मछलियां पलकमती नदी किनारे बने मछली बाजार में भी बेची जाती हैं। इस मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को भी कार्यवाही करने की आवश्यकता हैं।

नर्मदा नदी एवं तवा डैम से लाई गई मछलियां नगर के पुराने अस्पताल के पास,रामगंज रिपटे के पास, मछली बाजार के पीछे पलकमाती नदी के किनारे, सुभाष वार्ड में दूध डेयरी के पास मछली माफियाओ के घर पर एकत्रित की जाती हैं फिर वाहनों से पिपरिया पचमढ़ी गाडरवारा नरसिंहपुर जबलपुर भेज दी जाती है प्रतिबंध के दौरान इन बड़े शहरों में मछली के भाव अधिक मिलते हैं और मछली के अंडे ऊंची कीमत पर बेचे जाते हैं। नगर के मछली माफिया प्रतिबंध काल के दौरान बड़ी मात्रा में मछली का अवैध व्यापार करते हैं।

**राजकोट ट्रेन से प्रतिदिन अवैध परिवहन :** विभिन्न स्थानों से मछलियों को मार कर चिन्हित स्थान पर मछली माफिया मछलियों को प्लास्टिक के थैले में बर्फ के साथ रखकर राजकोट ट्रेन से आरक्षित कोच में मछलियों को रखकर पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर तक परिवहन करते हैं। इस दौरान आरक्षित कोच में यात्रा करने वाले यात्री दुर्गंध से परेशान होते रहते हैं।

**चार चरणों में होता है मछली का व्यापार :** मछली माफिया चार चरणों में अवैध मछली का व्यापार करते हैं। सबसे पहले चरण में डैम और नर्मदा नदी से मछली मारने वाले मजदूर होते हैं, जिनका काम केवल मछली मारना होता है, जिसके लिए उन्हें भी नाम मात्र का मेंहनताना दिया जाता हैं।

दूसरे चरण में मोटरसाइकिल, साइकिल एवं ट्रेन सहितअन्य वाहन से एक स्थान से दूसरेस्थान पहुंचने वाले होते हैं। तीसरे चरण में मछली का थोक व्यापारी, जिसे मछली माफिया भी कह सकते हैं विभिन्न स्थानों तक फुटकर विक्रेताओं को मछली देते हैं और चौथे चरण में फुटकर विक्रेता आम बाजार में बैठकर मछली बेचता है।

### यह है नियम

मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। कलेक्टर सोनिया मीना ने एक आदेश जारी कर इस अवधि में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पूर्णत: प्रतिबंधित किया है। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नही है ओर जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नही लाया गया है, को छोडकर समस्त नदियों व जलाशयों में वर्षा ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त प्रावधानों के उल्लंघन की दशा में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत उल्लघंनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनो से दंडित किये जाने का प्रावधान है। जन साधारण एवं मत्स्य पालकों को सूचित कर चुके है कि इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, परिवहन, विपणन न तो स्वंय करें ओर न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। परंतु उसके बाद भी खुले बाजार में मछली का विक्रय किया जा रहा है वैसे भी मोहन सरकार द्वारा भी खुले में मांस मछली विक्रय पर प्रबंध रखा गया है परंतु खुलेआम नियमों का उल्लंघन करने वालों पर संबंधित जवाबदारों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है देखना यह है की सुहागपुर से ट्रेन और निजी वाहनों के द्वारा भेजी जा रही मछलियों एवं नगर में बिक्री की जा रही मछली की दुकानों पर क्या कार्यवाही होती है।

## उद्यानिकी विभाग की मदद से खतीजा को मिला अपना व्यवसाय

**हरदा, देशबन्धु।** उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना का लाभ लेकर हंडिया की खतीजा बेगम ने सोयाबीन उत्पाद इकाई की स्थापना की। खतीजा बेगम पहले एक साधारण गृहिणी थी। खतीजा के परिवार की आमदनी बहुत कम थी। एक बार उन्हें उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण हरदा में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। खतीजा बेगम ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर योजना के तहत ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदन किया। खतीजा बेगम को पीएमएफएमई योजना के तहत 8 लाख रूपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उन्होने सोयाबीन से बनने वाले उत्पादों ककी एक यूनिट स्थापित की। योजना के तहत विभाग द्वारा खतीजा को 2.80 लाख रूपये का अनुदान भी प्राप्त हुआ।

खतीजा बेगम अब सोयाबीन से बनने वाले उत्पाद बिस्किट, कुकिज आदि का उत्पादन हंडिया में कर रही है। साथ ही अपने इन उत्पादों को हरदा के स्थानीय बाजार, आंगनवाड़ियों व जिम में आने वाले लोगों को सप्लाई कर रही है। खतीजा इन उत्पादों की बिक्री से प्रति माह 12-15 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त कर रही है। खतीजा को विश्वास है कि आने वाले समय में वह इन उत्पादों की बिक्री बड़े स्तर पर कर और अधिक आय प्राप्त करेगी।

## यादे हुसैन मे हुआ मुशायरा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मोहर्रम पर्व पर बड़ी सवारी फ़ाज़िल मंज़िल के पास आज़ाद इस्लामिया कमेटी के द्वारा आल इंडिया नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया।



कमेटी के सदर गुलाम मुस्तफ़ा ने बताया एक शाम इमाम हुसैन के नाम ज़िक्रे शोहदाए क़र्बला प्रोग्राम मे हिन्दुस्तान के मशहूर शायरो ने इमाम हुसैन की शहादत पर बयान किया करबला के मैदान मे पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन ने हक़ और सच के लिए अपने दीन को बचाने यज़ीद के सामने सर कटा दिया, लेकिन सर झुकाया नही था। इसी संदेश से दुनिया मे इस्लाम कायम है और यज़ीद का नामो निशान नही है। कार्यक्रम मे मशहूर शायर शादाब व पैकर कोलकाता ने पढ़ा फातिमा तेरी चादर का क्या पूछना तेरी चादर के टुकड़े 72 हुए , उन 72 का अहसान है इस्लाम पर, इसी क्रम मे छिंदवादा के नईम मोईन यासिनी ने कलाम हुसैन जैसा शहीदे आज़म जहाँ मे कोई हुआ नही है , छुरी के नीचे गला है लेकिन किसी से कोई गिला नही है। आवाम के सामने पढ़े मुफ़्ती ए शहर शमीम अख्तर ने आवाम से मुख़ातिब होते हुए कहा के इमाम हुसैन ने अपना सर देकर राहे हक़ मे इबादत को बचा लिया यज़ीद की हुकूमत को नकार दिया जिन्होंने अपनी ज़िंदगी बक्श दी बन्दगी को और अपने दीन की आबरू बचाकर सजदे मे अपनी गर्दन कटा ली अपना घर बार सब लुटा दिया अपने 6 माह के नन्हें बच्चे मासूम असगर को भी राहे हक़ मे शहीद कर दिया साथ 72 लोगो ने करबाला के मैदान मे अपनी शहादत देकर पूरी आलम ए इंसानियत को पैगाम दे गये

कार्यक्रम मे नायब काज़ी अलीम साहब, हाजी मसूद एड, वाहिद सेठ, फैज़ान उल हक़ , गुलाम हैदर , पप्पू जादूगर, रिज़वान खान, मोहम्मद शाकिर, महताब ताजी, मो जावेद , हाजी मुक़ीत , गुलाम हुसैन, गुलाम अली, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद अली, मोहम्मद उमर, पंकज नामदेव, फैज़ान खान, नूर मोहम्मद, गुलाम मोहम्मद, जाबिर , गुलशेर , आदि उपस्थित थे।

## कुप्रबंधन के चलते सड़कों पर भरा रहा बरसाती गंदा पानी

**सोहागपुर, देशबन्धु।** वर्षा ऋतु का मौसम चल रहा है नगर में हुई पहले मानसून की बारिश में जगह-जगह पर पानी भर गया। नगर परिषद द्वारा स्टेट हाईवे 22 पर पूर्व में जो सीमेंट रोड बनाई गई थी उन पर कु प्रबंधन के कारण पानी निकासी के लिए नाली नहीं बनाई गई। अब बरसाती पानी भर जाने से दुकानदार और रहवासी परेशान हैं, दूसरी ओर हाईवे से निकलने वाली वाहन चालक भी परेशान होते है।



स्टेट हाईवे सड़क मार्ग से होकर लगभग आधा दर्जन स्कूलों के बच्चे जाते हैं गंदे पानी से उनकी स्कूली ड्रेस खराब हो जाती है। यह समस्या पिछले वर्ष भी काफी गंभीर रूप से बनी थी। एक आध जगह का पानी तो प्रशासन ने निकलवाया, परंतु बाकी जगहों पर पानी भरा रहा। नगर परिषद अध्यक्ष सीएमओ ने आश्वासन दिया था की बरसात के बाद समस्या का समाधान होगा परंतु इस वर्ष भी मानसून का शुरुआती दौर में गौतम वार्ड स्टेट हाईवे मंदिर के पास मोड पर, आबकारी दुकान के सामने, रामगंज मोड पर पानी भरा हुआ है जहां पर बरसात होने के बाद कई दिनों तक पानी भरा रहता है, जिससे गंदगी होती है और इस मौसम में नागरिकों को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि स्थाई सीएमओ और इंजीनियर ना होने कारण दिक्कत हुई है शीघ्र ही निर्माण कार्य किया जाएगा अभी तीनों स्थान पर पानी निकासी की व्यवस्था कर रहें है

**181 एवं जनसुनवाई में हुई शिकायत पर कार्यवाही :** दुकानों एवं घरों के सामने गंदा पानी भरने के बाद दुकानदार देवेंद्र कुशवाहा ने जनसुनवाई में आवेदन दिया तथा 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई आसपास के घर मालिकों ने भी नाली बनाकर स्थाई समाधान की मांग की इसके बाद नगर परिषद के नवनियुक्त सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं इंजीनियर बृजेश खनोत्कार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल पार्षद पति दीपक साहू जगदीश अहिरवार ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और सीमेंट रोड कटिंग कर नाली बनाने का आदेश दिए इसके बाद नगर परिषद कर्मचारीयों ने मालवा साफ किया और ड्रिल मशीन से सड़क काटकर पानी निकालना व्यवस्था की जा रही है परंतु कार्य कछुआ चाल से चल रहा है मुश्किल से दो घंटे के काम में दो दिन से कछुआ गति से चल रहा है यह कोई बड़ी समस्याएं नहीं है परंतु तकनीकी रूप से कोई सक्षम नजर नहीं आता है, यहां पर छेनी और घन से रोड कटिंग करते हुए ड्रिल मशीन चलाते तो दो-चार घंटे में समस्या का हाल हो जाता परंतु मौके पर ज्ञान देने वाले ज्यादा नजर आए काम करने वाले कम थे आसपास के लोगों ने बताया कि यहां नाली स्वीकृत हो गई है पर स्वीकृत होने के बाद भी नाली का ना बन पाना समझ से बाहर है

**टेंडर के बाद भी काम नहीं हुआ प्रारंभ :** आबकारी दुकान के सामने पानी भरने की समस्या के बाद यहां का भी टेंडर हो गया है, परंतु नाली बनाने का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ वहीं रामगंज मोड पर भी पानी निकासी की व्यवस्था के लिए कुछ नहीं किया गया इस संबंध में नवागत सब इंजीनियर बृजेश खनोत्कार ने बताया कि तीनों स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है बरसात के बाद स्थाई समाधान किया जाएगा

### इनका कहना है

पानी भरने की पुरानी समस्या है अभी वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है बरसात के बाद स्थाई नाली बनाकर समाधान किया जाएगा

**बृजेश खनोतकर** सब इंजीनियर सोहागपुर

5 से 6 महीने से स्थाई सीईओ ना होने के कारण समस्या हुई। शीघ्र ही स्थाई समाधान किया जाएगा। फिलहाल पानी निकासी की व्यवस्था की जा रही है

**लता यशवंत पटेल,** अध्यक्ष नगर परिषद सोहागपुर

## पुलिस, राजस्व व खनिज विभाग का दल अवैध उत्खनन रोकने की कार्यवाही करें : कलेक्टर

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कानून व्यवस्था संबंधित समीक्षा बैठक में खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खनिज के अवैध परिवहन, भण्डारण व उत्खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्यवाही जारी रहे तथा लगातार प्रकरण बनाये जायें। उन्होने निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों वसूली आदेश जारी किये गये, उनमें वसूली भी की जाए। उन्होने निर्देशित किया कि खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग का संयुक्त दल बनाकर अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होने निर्देश दिये कि वन क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नियमित रूप से सैम्पल लेकर जांच के लिये भेजा जाए तथा अमानक एवं अपमिश्रित खाद्य पदार्थ पाये जाने पर नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री जैन ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को निर्देश दिये कि सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जाए।



कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित पक्ष को राहत राशि नियमानुसार दिलाई जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में अभी तक अनुसूचित जाति अत्याचार के 21 प्रकरणों में 17.50 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति अत्याचार के 3 प्रकरणों में 9.75 लाख रुपए की राहत पीड़ित पक्ष को दिलाई गई है।

## स्थानांतरित पटवारियों का सम्मान कर दी विदाई

**हरदा, देशबन्धु।** जिले की हंडिया तहसील से खरगोन ओर देवास जिले में स्थानांतरित हुए पटवारी लोकेन्द्र बामनिया और विजेन्द्र पंवार को मध्यप्रदेश पटवारी संघ की तहसील शाखा ने गरिमामयी कार्यक्रम में सम्मान करते हुए विदाई दी?।



उक्त जानकारी देते हुए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी राजीव जैन ने बताया कि स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है किंतु अपने घर पहुंचने की खुशी एक अलग बात है । मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संविलयन नीति के तहत प्रदेशभर में लगभग 650 पटवारियों को उनके गृह जिले में पहुंचाया है। इससे स्थानांतरित साथियों में खुशी का माहौल है । हंडिया तहसील के दो पटवारी साथी लोकेन्द्र बामनिया ओर विजेन्द्र पंवार का उनके गृह जिले में स्थानांतरण हुआ है। संगठन द्वारा दोनों साथियों का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर जिले में स्थानांतरित नायब तहसीलदार के रीडर नवीन चौरे बाबू का भी पटवारी संघ ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अपर तहसीलदार आशीष मिश्रा ने तीनों स्थानांतरित सहकर्मियों का पुष्पहार पहनाकर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष फूलसिंह उईके, सचिव सुभाष मर्सकोले, लिपिक वितुल यादव, पवन बिरहा, पंकज कानवा, राजस्व निरीक्षक उत्तम पारधे के साथ पटवारी रमेश नाग, अनुराग सिंह, जितेन्द्र चौहान, राम अग्रवाल, अभिषेक नंदमेहर, गजेंद्र बैरागी, हेमलता बाईयां, विनोद जमादार, कोटवार भरत, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

### गृहविज्ञान महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया दीक्षारंभ कार्यक्रम

# अनुशासन और नियम महाविद्यालय की धुरी है : डॉ कामिनी





*__नर्मदापुरम, देशबन्धु।__ शासकीय गृहविज्ञान स्नाताकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में 3 जुलाई को प्रवेश उत्सव के अंतर्गत दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती संध्या थापक, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन, गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ भारती दुबे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।*

*इस अवसर पर एनएसएस की छात्राओं, मंचासीन अतिथि, प्राचार्य, प्राध्यापक गण एवं नव प्रवेशित छात्राओं को तिलक लगाकर दीक्षारंभ कार्यक्रम के माध्यम से हर्षोल्लास पूर्ण स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आपने नर्मदापुरम के अग्रणी महाविद्यालय में प्रवेश लिया है। अनुशासन, नियम महाविद्यालय की महत्वपूर्ण धुरी है। महाविद्यालय पढ़ती नारी, बढ़ता राष्ट्र की थीम पर कार्य कर रहा है। आज छात्राओं को पुस्तकालय, ऑफिस, क्रीड़ा विभाग, एनसीसी, एनएसएस का भ्रमण कराया जाएगा।*

*हमारा उद्देश्य नव प्रवेशी छात्राओं को सहज वातावरण उपलब्ध कराना है। आप शिकायत पेटी, सुझाव पेटी का उपयोग कर सकते हैं। आपको भविष्य निर्माण की पूर्ण स्वतंत्रता है। महाविद्यालय परिवार आपके उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय में दो नए पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ है, इससे संबंधित जानकारी आप हेल्प डेस्क से प्राप्त कर सकते हैं। आपके पास बहुत सारे अधिकार है परंतु अधिकारों का दुरुपयोग नहीं करना है। डॉ जैन ने कहा कि गणवेश ले पाने में असमर्थ छात्राएं महाविद्यालय से सहयोग प्राप्त कर सकती हैं। जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती संध्या थापक ने अपने उद्बोधन में नव प्रवेशी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि अनुशासन सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी है।*

*गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ भारती दुबे ने बताया कि महाविद्यालय में अनेक पाठ्यक्रम एवं गतिविधियां सतत संचालित होती हैं, आप अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन कर प्रगति पथ पर परचम लहराए। हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी जानना होगा।*

*कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए श्रीमती आभा बाधवा ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण हेतु प्रेरित किया। आभार करते हुए जिला प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ रागिनी सिकरवार ने छात्राओं को सतत् प्रयास करने हेतु सफलता अर्जित करनी हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में डॉ संगीता अहिरवार, डॉ रश्मि श्रीवास्तव, डॉ हर्षा चचाने, डॉ कंचन ठाकुर, डॉ वैशाली लाल, रमेश चौकीकर, डॉ रामबाबू मेहर, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ एकता गुप्ता, डॉ कीर्ति दीक्षित, डॉ मनीषा तिवारी ,डॉ विजया देवासकर, अजय तिवारी, डॉ आशीष सहगोरा , राहुल चौहान, डॉ प्रगति जोशी, श्रीमती प्रीति मालवीय, श्रीमती अंकिता तिवारी, कुमारी श्वेता वर्मा , देवेंद्र सैनी, डॉ रफीक अली, शुभम भद्रे ,धीरज खातरकर महाविद्यालय स्टॉफ एवम् छात्राएं उपस्थित रही।*

## महिला सशक्त वाहिनी कक्षा की छात्राओं को मिल रहा नि:शुल्क मार्गदर्शन व प्रशिक्षण

**हरदा, देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला सशक्त वाहिनी कक्षा में छात्राओं को नि:शुल्क मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि सशक्त वाहिनी की कक्षा में जिले के विकासखंड टिमरनी, हरदा एवं खिरकिया के ग्रामों की बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। उन्होने बताया कि इन कक्षाओं में छात्राओं को लिखित परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।


**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय बैतूल (म.प्र.)**

प्रकरण कमाक 12/2025 डब्ल्यूसी एक्ट फैटल

**सूचना - पत्र**

सर्व संबधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृ. राजू विठ्ठल पवार निवासी-वार्ड नं. 13 मुलताई जिला बैतूल की दिनांक 01.04.2025 को कार्य के दौरान मृत्यु होने से नियोक्ता सेन्टल रेल्वे नागपुर द्वारा क्षतिधन राशि रूपये 13,60,275 / - (तेरह लाख साठ हजार दो सौ पचहत्तर) मात्र जमा की गई है।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आबटन बावत् कार्यवाही हेतु श्रवण तिथि **23.07.2025** नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम के तहत् उक्त मृतक का आश्रित व उनकी पत्नि के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, दो गवाह, राशनकार्ड, बचतखाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि को प्रात: 11 बजे प्रस्तुत करे।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आबंटित न करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करे। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया

**( महेन्द्र सैनी )**

**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम बैतूल ( म.प्र. )**

देशबन्धु

नर्मदापुरम, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# किसान आत्महत्या और अमीरों की कर्जमाफी

मोदी सरकार के 11 सालों के जश्न के बीच दो ऐसी खबरें आई हैं, जो एकबारगी बिल्कुल अलग-अलग दिखती हैं, लेकिन गौर से देखें तो दोनों के बीच गहरा संबंध है। दोनों ही खबरें मोदी सरकार की बड़ी नाकामी को जाहिर करती हैं, बशर्ते प्रधानमंत्री मोदी को इस बात का अहसास हो कि उनका काम केवल दुनिया की सैर करना और अपना प्रचार करना नहीं है, बल्कि इस देश को चलाना और यहां के नागरिकों का ख्याल रखना भी उन्हीं की जिम्मेदारी है। 11 साल पहले जब नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए थे, तो बात-बात में 60 साल बनाम 60 महीने का जिक्र करते और दावा करते थे कि पिछली सरकारों ने कुछ नहीं किया, केवल देश को बर्बाद किया है। लेकिन अब खुद नरेन्द्र मोदी को सत्ता पर बैठे 132 महीने हो चुके हैं और इस समय जो बर्बादी दिख रही है, श्री मोदी उसे नजरंदाज कर रहे हैं।

एक खबर आई है महाराष्ट्र से जहां पिछले तीन महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली है। महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या एक गंभीर समस्या बन चुकी है। साल दर साल आत्महत्या से होने वाली मौतों के आंकड़े बदल रहे हैं, लेकिन सरकार इस तरफ कोई ध्यान ही नहीं दे रही है। मानो गरीब आदमी जिए या मरे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। खुद सरकार ने किसान आत्महत्या के आंकड़े विधानपरिषद में पेश किए हैं। महाराष्ट्र के राहत और पुनर्वास मंत्री मकरंद पाटिल ने एक लिखित जवाब में विधान परिषद में बताया कि जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच राज्य में आत्महत्या के 767 मामले सामने आए हैं। आत्महत्या करने वाले 767 किसानों में से 373 किसान परिवार सरकार की मदद के लिए पात्र हो गए हैं, जबकि 200 किसानों के परिवारों को कोई सहायता नहीं मिल पाएगी, क्योंकि वे सरकार द्वारा तय किए गए मानदंडों पर खरे नहीं उतरे। वहीं अभी 194 मामले जांच के लिए लंबित हैं। सोचिए कैसी विडंबना है कि जिन लोगों के घरों में आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाया गया, क्योंकि उनके लिए सम्मानित जीवन के सारे रास्ते बंद हो गए, उन लोगों को सहायता देने के लिए सरकार अब भी मानदंडों पर परख रही है। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार आत्महत्या करने वाले किसान के परिवार को 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देती है। इससे भी जाहिर होता है कि सरकार कहीं न कहीं अपनी ही कमजोरी को स्वीकार कर रही है। जो धनराशि किसी की जान चले जाने के बाद सहायता के तौर पर दी जा रही है, अगर वह पहले ही जिम्मेदारी के तौर पर किसानों को मिल जाए, तो कितने लोग अकाल मौतों से बचाए जा सकते हैं। लेकिन सरकार की प्राथमिकता में किसान नहीं उद्योगपति हैं। ये एक दूसरी खबर से जाहिर होता है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के कर्ज खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। इसके साथ ही बैंक ने कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का निर्णय लिया है। एसबीआई की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' की जांच में पाया गया कि आरकॉम द्वारा प्राप्त लोन का इस्तेमाल निर्धारित उद्देश्यों के बजाय अन्यत्र किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, समूह की विभिन्न इकाइयों के बीच फंड के ट्रांसफर का एक जटिल जाल फैला हुआ हैं, जो फंड डायवर्जन की ओर इशारा करता है।

बैंक ने बताया कि 'कारण बताओ नोटिस' के जवाबों की जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि कंपनी और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी लोन शर्तों के उल्लंघन और बैंक की संतुष्टि के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे। इसके चलते ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' घोषित किया गया। धोखाधड़ी पहचान समिति की रिपोर्ट के मुताबिक आर कॉम ने 13,667.73 करोड़ का उपयोग कर्ज और दायित्वों के पुनर्भुगतान में किया है। 12,692.31करोड़ रूपए की राशि संबंधित पक्षों को भुगतान में लगाई गई। 6,265.85 करोड़ रूपए अन्य बैंकों के कर्ज चुकाने में प्रयोग हुआ। और 5,501.56 करोड़ रूपयों का भुगतान जुड़ी कंपनियों को किया गया। यानी आरकॉम ने जिन कारणों को सामने रखकर लंबा-चौड़ा कर्ज लिया, उस राशि का इस्तेमाल दूसरी जगहों पर किया है। इसलिए इसे धोखाधड़ी कहा जा रहा है।

इस रिपोर्ट के निष्कर्षों को अनिल अंबानी के वकीलों ने एकतरफा बताते हुए खारिज किया है। अपनी सफाई में तर्क पेश करना उनका अधिकार है। इस मामले में अब आरबीआई क्या करता है, क्या एसबीआई की रिपोर्ट पर अनिल अंबानी की कंपनी पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं, ये अलग बात है। देश ने विजय माल्या, ललित मोदी, नीरव मोदी जैसे लोगों को हजारों करोड़ का कर्ज लेकर देश से भाग जाने और विदेशों में ऐश का जीवन जीने के उदाहरण देखे हैं। खुद को कंगाल बताकर ये लोग जनता से लूटे धन पर अय्याशी करते हैं, क्योंकि सरकार भी इनकी अनकही मदद करती है। जिस तरह आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवार को मदद करने के सरकारी मापदंड बनाए गए हैं, वैसे मापडंद इन भगोड़े अमीरों के लिए क्यों नहीं बनते, ये सवाल सरकार से पूछा जाना चाहिए। गरीब किसान को चंद हजार का कर्ज लेना भी मुश्किल होता है। बैंक के लोग सौ तरह के सवाल पूछते हैं, शर्तें रखते हैं और तब जाकर कर्ज मिलता है। अगर किसी वजह से किसान कर्ज न चुका पाए, तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। सरकार जानती है कि कर्ज लेकर किसान देश छोड़कर तो भागेगा नहीं, लिहाजा उससे पाई-पाई वसूलने की सख्ती दिखाई जाती है। जब किसान हर तरफ से हारता है, तो फिर दुनिया छोड़कर जाने का रास्ता ही उसे नजर आता है।


राहुल गांधी ने इस बारे में लिखा है कि सोचिए.. सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और सरकार? चुप है। बेरुख़ी से देख रही है। किसान हर दिन कर्ज़ में और गहराई तक डूब रहा है - बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीज़ल महंगा है.. लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज़ माफ़ी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरंदाज़ कर दिया जाता है। लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। आज की ही खबर देख लीजिए - अनिल अंबानी का रुपए 48,000 करोड़ का एसबीआई 'फ्रॉड'। मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे- आज हाल ये है कि अन्नदाता की ज़िंदगी ही आधी हो रही है। ये सिस्टम किसानों को मार रहा है - चुपचाप, लेकिन लगातार और मोदी जी अपने ही पीआर का तमाशा देख रहे हैं।

राहुल गांधी की बात का कोई जवाब सरकार के पास नहीं है और ऐसे में भाजपा नेता अमित मालवीय एक नया तर्क लेकर सामने आए हैं कि कांग्रेस-एनसीपी (शरद पवार) के राज में महाराष्ट्र में 55,928 किसानों ने आत्महत्या की थी। इस तरह के जवाब से जाहिर है कि भाजपा अपनी गलती स्वीकारने या किसानों के हालात सुधारने की जगह कांग्रेस को गलत साबित करने में लगी है।

# आसमां से दिखने वाला भारत ज़मीं पर एकदम अलग है

'ऊपर से भारत कैसा दिखाई देता है आपको?' यही सवाल है जो भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोनों ने अंतरिक्ष में जाने वाले यात्रियों से पूछा था और दोनों के ही जवाब दिल छू लेने वाले रहे। चालीस साल पहले जब तत्कालीन प्रधानमंत्री ने स्क्वॉड्रन लीडर राकेश शर्मा से पूछा था कि, 'ऊपर से भारत कैसा दिखाई देता है आपको,' उन्होंने बिना किसी हिचक के अल्लामा इक़बाल की कविता 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' की पंक्ति के साथ जवाब दिया था। तब पूरा देश जैसे गदगद हो गया था और जो उस समय बच्चे थे उनके लिए तो स्क्वॉड्रन लीडर राकेश शर्मा का अंतरिक्ष के शून्य गुरुत्वाकर्षण के बीच वह मुस्कुराता चेहरा कभी न भूलने वाला क्षण हो गया था। वे ही गर्व के क्षण ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भी दिए, जब उन्होंने कहा कि 'ऊपर से भारत बहुत भव्य दिखाई देता है।' शुभांशु उस वक्त पैदा भी नहीं हुए थे जब राकेश शर्मा ने पहली बार अंतरिक्ष में भारत का झंडा लहराया था। बेशक ऊपर से भारतीय भूभाग बड़ा ही दिव्य और भव्य दिखाई देता है लेकिन क्या भीतर वही चमक भारतवासियों की आंखों में भी है? करीब जाने पर भी क्या भारत की उसी सुंदरता के दर्शन होते हैं? क्या नागरिक सुख-चैन से रह रहे हैं? हक़ीक़त में जो दिखाई देता है वह यही है कि रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में आवाम के सामने मुश्किलों का ऐसा अम्बार है कि ऊंचाई पर पहुंचने के लिए कोई सीढ़ी तो मिलती नहीं, उलटे सांप हर रोज़ काट जाते हैं। आख़िर क्यों भीतर का भारत इतना बेचैन, गरीब और मुश्किलों में जूझता दिखाई देता है?

नव मध्यवर्ग कह सकता है कि, 'आप विलाप कर रहे हैं। उस तरक्की को क्यों नहीं देखते जो भारत में हर कहीं हो रही है। हवाई अड्डे, रेलवे, एक्सप्रेस हाईवेज़ और सुरक्षा में भारत कहां से कहां पहुंच गया है!' माफ़ कीजिये लेकिन अहमदाबाद हवाई दुर्घटना और पहलगाम आतंकी घटना ने देश को जैसे भावनात्मक रूप से तोड़ दिया है। ऐसी बेहिसाब घटनाएं हैं जो भारत के शहरों का हौसला तोड़ती हैं। ट्रैफिक और सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इंदौर भारत का एक व्यवसायिक शहर है लेकिन यहां बिजली ऐसे आंख-मिचौली खेलती है कि बच्चों की परीक्षा ही चपेट में आ जाती है। इस बार 4 मई को नीट (यूजी) की परीक्षा के दौरान ही बिजली गुल हो गई। अदालत ने 75 छात्रों की परीक्षा फिर से कराने का निर्देश दिया। परीक्षा में इतनी देर हो गई कि पूरे देश के परिणाम आने में समय लगा। अगली सुनवाई के बाद इन परीक्षार्थियों के परिणाम रोककर शेष सभी के परिणाम घोषित कर दिए गए। एडमिशन के लिए कॉउंसलिंग शुरू होने वाली है लेकिन अब तक इन छात्रों के भविष्य का कोई फैसला नहीं हुआ है। क्या यह छात्रों का दोष है कि उन्होंने दिक्कत की शिकायत की। हर साल 20 लाख से ज़्यादा परीक्षार्थी इस परीक्षा में बैठते हैं और ऐसा कभी नहीं होता है कि परिणाम बिना किसी रुकावट के घोषित हो जाएं। आखिर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) यह सुनिश्चित क्यों नहीं करती? अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के छात्र मुश्किलों से घिरे हैं। अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्र प्रतिदिन अपना पासपोर्ट लेकर पढ़ने जाते हैं। वे भारत नहीं आ रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि एक बार आने के बाद उन्हें दोबारा प्रवेश नहीं मिलेगा। छात्र देश का भविष्य हैं और हमारा सिस्टम उनके प्रति ज़िम्मेदार नज़र नहीं आता है।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> ट्रैफिक और सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इंदौर भारत का एक व्यवसायिक शहर है लेकिन यहां बिजली ऐसे आंख-मिचौली खेलती है कि बच्चों की परीक्षा ही चपेट में आ जाती है। इस बार 4 मई को नीट (यूजी) की परीक्षा के दौरान ही बिजली गुल हो गई। अदालत ने 75 छात्रों की परीक्षा फिर से कराने का निर्देश दिया। परीक्षा में इतनी देर हो गई कि पूरे देश के परिणाम आने में समय लगा।

जयपुर के युवक की पीड़ा और कुंठा से रूबरू होना ज़रूरी है क्योंकि बेरोज़गार युवाओं का हाल पूरे भारत में एक सा है। यह युवक कभी कॉल सेंटर में काम करता था। पुलिस को रेल की पटरियों से उसकी लाश बरामद हुई। बाद में उससे मिले पते पर पुलिस पहुंची तो घर में उसकी मां की लाश मिली। जिसके बारे में पुलिस का कहना है कि वह उसकी हत्या कर खुद मौत की नींद सो गया। कैसा निष्ठुर और अपराधी समाज बन रहा है हमारा? क्या कोई फ़िक्र नज़र आती है? बहुसंख्यक युवा आबादी के पास काम नहीं है। पढ़े-लिखे युवक डिलीवरी बॉयज़ बनने पर मजबूर हैं। किन्हीं कमज़ोर क्षणों में फिर इन्हीं से अपराध भी हो जाते हैं। यह अपराध को न्यायोचित ठहराने की कोशिश नहीं है लेकिन समाज के तेज गति से हो रहे क्षरण की ओर ध्यान देना ज़रूरी हो गया है।

डिजिटल अरेस्ट यानी ऑनलाइन धोखाधड़ी का यह हाल है कि अपराधी राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश को ही लूटने की तैयारी कर लेते हैं। ऑनलाइन ठगी तो जैसे हर नागरिक की बदकिस्मती बन गई है। बचाव में लोग हंसकर कहते हैं- 'पहले जेब कटती थी अब इस तरह लुटते हैं।' ये अपराधी कभी यह कहकर डराते हैं कि आपके पुराने फ़ोन का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हो रहा है तो कभी कहते हैं आपके बच्चे ने अपराध कर दिया है। फ़ोन हमेशा पुलिस की वर्दी वाली तस्वीर के साथ आता है। कॉल के बाद वह इनकमिंग पूरी तरह से गायब हो जाती है। आखिर कौन देखेगा इस साइबर लूट को? आम भारतीय अभी इन तकनीकों को सीखने में ही लगा है कि उसके साथ धोखा हो जाता है। ठगी में बैंक के नंबरों से भी कॉल आते हैं और खाताधारी से खर्च की लिमिट बढ़ाने के नाम पर पैसे ट्रांसफर करा लिए जाते हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय ने स्वयं संज्ञान लेकर बताया कि इसमें लूट के साथ लोगों की जान भी जा रही है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि उनके पास भी ऐसा कॉल आया था जिसे फिर रजिस्ट्रार को देकर निस्तारित कराया गया। न्यायाधीश ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से जवाब भी मांगा लेकिन कोई जवाब दाखिल नहीं हुआ। अंदाज़ा लगाना क्या मुश्किल है कि व्यवस्था के बड़े छेद अपराधी को साफ बचा लेते हैं।

देश के कर्णधार चुनाव के लिए तमाम मशीनों के इस्तेमाल में जुटे हुए हैं लेकिन देश के मजदूर और दलित आज भी मेनहोल की सफाई में मौत का शिकार हो रहे हैं। सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस अक्सर इनकी जान ले लेती है। मेनहोल में घुसने के लिए उन्हें कोई मशीन या रोबो नहीं दिए जाते। आज भी ज़िंदा इंसान ही उतारा जाता है जिसकी दम घुटने से मौत हो जाती है। देश की एक ज्वैलर्स कंपनी ने तो सोने के कण निकालने के लिए आठ मजदूरों को सेप्टिक टैंक में उतार दिया। चार मजदूरों की जहरीली गैसों से मौत हो गई। देश में ऐसे सफाई कामगारों की संख्या 7.70 लाख के आस-पास बताई जाती है।

इधर व्यवस्था ने अपने जिस कानून संशोधन का बढ़-चढ़कर ज़िक्र किया था वह वहां भी फेल है। सीएए नागरिक संशोधन अधिनियम (2019) के तहत यह सुनिश्चित किया गया कि पास के देशों जैसे बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के तमाम हिन्दू शरणार्थियों की राह सरकार आसान करेगी। उन्हें नागरिकता और सुरक्षा दी जाएगी। जो यह भी हुआ होता तो सीमा पर रवि कुमार और शांति बाई की जोड़ी यूं जान न गंवाती। पाकिस्तान के सिंध के इस हिन्दू जोड़े ने सहमति से शादी कर ली थी और डेढ़ साल पहले भारत आने के लिए कागज़ात दाख़िल कर दिए थे क्योंकि रवि कुमार के पिता को इस विवाह से दिक्कत थी। शरण की आस में यह जोड़ा पिछले महीने जैसलमेर के रास्ते भारत आना चाहता था लेकिन सीमा पर तेज गर्मी में भूख-प्यास से दोनों की मौत हो गई। जीते-जी तो भारत में शरण नहीं मिली लेकिन पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार जरूर भारत में हुआ। कौन नहीं जानता कि कितने सख्त तेवर और इरादों के साथ सरकार ने संसद में इस कानून की पैरवी की थी जिसने पड़ोसी देशों के कई नागरिकों को भारत लौटने के लिए प्रेरित कर दिया। क्या वाक़ई कोई है जो ऊपर से भव्य और दिव्य नज़र आने वाले हिंदुस्तान को सारे जहां से अच्छा बनाएगा? इसमें रहने वाले हर नागरिक का सम्मान होगा? फ़िलहाल यह सब्र और उम्मीद फैज़ अहमद फैज़ की नज़्म में ही दिखाई देता है-

दर्द थम जाएगा
ग़म न कर, ग़म न कर
यार लौट आएंगे, दिल ठहर जाएगा, ग़म न कर, ग़म न कर
ज़ख़्म भर जाएगा
ग़म न कर, ग़म न कर
दिन निकल आएगा
ग़म न कर, ग़म न कर
अब्र खुल जाएगा, रात ढल जाएगी
ग़म न कर, ग़म न कर
रुत बदल जाएगी
ग़म न कर, ग़म न कर।
(अर्थ: अब्र- बादल)

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर

■ नित्य चक्रवर्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 6 और 7 जुलाई को ब्राजील के रियो डीजेनेरियो में होने वाली ब्रिक्स की बैठक में वैश्विक दक्षिण के हितों के रक्षक के रूप में भारत की छवि को बेहतर बनाने का कठिन काम है। इस बैठक में वे भाग लेंगे। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेज़बानी ब्राज़ील करेगा और इसका मुख्य विषय 'अधिक समावेशी और सतत शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मज़बूत करना' होगा। इस व्यापक विषय के अलावा, चर्चाएं आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई और गाजा में इजरायली नरसंहार से संबंधित होंगी, जिसकी ब्रिक्स के अधिकांश सदस्यों ने कड़ी निंदा की है।

शुरुआत में ब्राज़ील, रूसी संघ, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने इस गठबंधन का हाल ही में विस्तार हुआ है। विस्तारित हुए देशों में अब मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हो गये हैं। आने वाले शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं होंगे। इस तरह, भारतीय प्रधानमंत्री दक्षिण अफ्रीका और ब्राज़ील के राष्ट्रपतियों के अलावा एक प्रमुख शख्सियत होंगे।

ब्राज़ील की अध्यक्षता दो प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करेगी: वैश्विक दक्षिण सहयोग; और सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास के लिए ब्रिक्स की भागीदारी। ब्राज़ील छह मुख्य क्षेत्रों वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग, व्यापार, निवेश और वित्त पर भी ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव करता है। जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता शासन, बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा वास्तुकला और संस्थागत विकास भी प्रमुख मुद्दे होंगे।

भारत के लिए, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए, शिखर सम्मेलन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ब्रिक्स सदस्यों को आतंकवाद पर भारतीय दृष्टिकोण और पाकिस्तान की भूमिका के बारे में देश के आकलन से राजी किया जाये। पाकिस्तान ब्रिक्स का सदस्य नहीं है और चीनी राष्ट्रपति की शिखर सम्मेलन में बड़ी उपस्थिति नहीं होगी। इसलिए, नरेंद्र मोदी वैश्विक दक्षिण देशों के बीच पाकिस्तान द्वारा बनाई गई पीड़ित की धारणा को दूर करने के लिए कुछ उचित काम कर सकते हैं।

चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के रक्षा मंत्रियों के हालिया सम्मेलन में, भारत को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा क्योंकि संयुक्त घोषणा में पहलगाम का कोई संदर्भ नहीं था जबकि बलूचिस्तान को आतंकवादी कार्रवाई के मामले के रूप में उल्लेख किया गया था। दस एससीओ सदस्यों में से नौ, जिनमें चीन, रूस और पाकिस्तान शामिल थे, ने भारत की अनदेखी करते हुए उस घोषणा का समर्थन किया। हालांकि भारत ने उस पर हस्ताक्षर नहीं किये और इसे जारी नहीं किया जा सका, लेकिन एससीओ बैठक में भारत के अलग-थलग पड़ने से ऑपरेशन सिंदूर, जो 10 मई को युद्धविराम में समाप्त हुआ था, के बाद से विदेशों में भारत के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता का पता चला।

हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा है कि ब्राजील शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स घोषणापत्र आतंकवाद पर भारत की स्थिति को प्रतिबिंबित करेगा, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि चीनी वरिष्ठ मंत्री अभी भी बैठक में भाग लेंगे और अधिकांश ब्रिक्स सदस्य मोदी के तीन सूत्री सिद्धांत से सहमत नहीं हैं। भारतीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सारी तैयारियां करनी होंगी कि इस बार ब्राजील में ऐसी कोई शर्मिंदगी न हो जैसी पिछले महीने चीन में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई थी। घोषणापत्र का पर्यवेक्षण मेजबान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला करेंगे। इसलिए संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद पर भारत के विचारों को शामिल करने के लिए राष्ट्रपति लूला के साथ नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी।

वास्तविकता यह है कि नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सदस्यों की नज़र में वैश्विक दक्षिण के लिए लड़ने वाले के रूप में अपनी व्यक्तिगत छवि खो दी है। पिछले तीन वर्षों में,सामान्य कारणों से वैश्विक दक्षिण में भारत का अलगाव बढ़ गया है क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री ब्रिक्स, एससीओ और यहां तक कि जी-20 के बजाय क्वाड में अधिक रुचि ले रहे हैं। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक मंगलवार 1 जुलाई को वाशिंगटन में हो रही है जिसमें भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भाग ले रहे हैं। इसके बाद इस साल के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन होगा, संभवत: नई दिल्ली में। अगर ऐसा होता है, तो राष्ट्रपति ट्रम्प इसमें भाग लेंगे। इस बैठक की सफलता के लिए पीएमओ और विदेश मंत्रालय दोनों ही काम में व्यस्त रहेंगे।

> ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन के बाद आधिकारिक यात्रा पर ब्राजील भी जा रहे हैं। इससे ब्रिक्स के सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक है। इससे दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

जुलाई में होने वाली ब्रिक्स की यह बैठक भारतीय प्रधानमंत्री के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ब्रिक्स की अगली अध्यक्षता संभालेगा, जिसका मतलब है कि 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत की गहरी भागीदारी और वैश्विक दक्षिण के हितों को साझा करने से ब्रिक्स सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत पर वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक होने का भरोसा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास इस बार भारत के विशिष्ट हितों के मुद्दों का ध्यान रखते हुए वैश्विक दक्षिण के साझा हितों को पहचानने का सुनहरा अवसर है।

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन के बाद आधिकारिक यात्रा पर ब्राजील भी जा रहे हैं। इससे ब्रिक्स के सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक है। इससे दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने का अवसर मिलेगा। दोनों देशों के बीच सहयोग के बहुत सारे अवसर हैं, जिनका अभी तक दोहन नहीं हुआ है। कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा सहयोग के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारत और ब्राजील आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग में सहयोग कर सकते हैं, जहां भारत की प्रमुख भूमिका है। नरेंद्र मोदी पर इस आधिकारिक यात्रा के माध्यम से भारत-ब्राजील आर्थिक संबंधों को एक नयी गतिशीलता प्रदान करने कि जिम्मेवारी है।

## आपके पत्र

### देश में नशे के सौदागरों का बढ़ता जाल

भारत में नशे का संकट अब व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपदा बन चुका है। ड्रग माफिया, तस्करी, राजनीतिक संरक्षण और सामाजिक चुप्पी—सब मिलकर युवाओं को अंधकार में ढकेल रहे हैं। स्कूलों से लेकर गांवों तक नशे की जड़ें फैल चुकी हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, सोच और सभ्यता का संकट है। समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, संवाद, शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व से आएगा। अगर आज हम नहीं जागे, तो कल हम एक खोई हुई पीढ़ी का मातम मनाएंगे।

भारत आज एक दोहरी लड़ाई लड़ रहा है—एक तरफ तकनीक और विकास की उड़ान है, और दूसरी ओर समाज के भीतर नशे का अंधकार फैलता जा रहा है। नशा अब सिर्फ एक व्यक्तिगत बुराई नहीं रह गया, बल्कि यह एक संगठित उद्योग, एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र और एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है। देश के गाँव से लेकर शहर तक, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और अमीरों की पार्टियों से लेकर गरीबों की गलियों तक, नशे के सौदागर अपना जाल फैलाए बैठे हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब यह जाल केवल शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशे, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोकीन जैसे घातक पदार्थ अब भारत के युवाओं के जीवन को खोखला कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मणिपुर, गोवा जैसे राज्यों में तो यह जहर सामाजिक ताने-बाने को चीर चुका है। एक ओर सरकार 'युवाओं को स्किल्ड बनाने' की बात करती है, दूसरी ओर लाखों नौजवान नशे की गिरफ्त में अपनी ऊर्जा, जीवन और भविष्य गंवा रहे हैं।

नशे के पीछे एक पूरा तंत्र सक्रिय है—पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है।

एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को 'लाइफ स्टाइल' का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है। वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब युवा—जो बेरोजगारी, हताशा और टूटी हुई उम्मीदों के शिकार हैं—उन्हें नशा एक अस्थायी राहत की तरह दिखता है। दोनों ही हालात समाज को विनाश की ओर ले जा रहे हैं।

स्कूलों और कॉलेजों में नशा जिस तरह से प्रवेश कर चुका है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी चेतावनी है। कई रिपोर्टें बताती हैं कि स्कूल के बच्चे तक ड्रग्स की चपेट में हैं। छोटे-छोटे पाउच, चॉकलेट जैसे पैकेट्स, खुशबूदार पाउडर—इनके ज़रिए नशा परोसा जा रहा है। और जब बच्चे इसकी गिरफ्त में आते हैं, तो परिवार, शिक्षक और समाज—सभी असहाय हो जाते हैं।

-डॉ. सत्यवान सौरभ



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षा और परीक्षा

*'मैं अभी देख रहा हूं कि एक तरफ वार्षिक परीक्षाओं के नतीजे आ रहे हैं और दूसरी ओर विद्यार्थी हर दूसरे दिन एक नई परीक्षा देने की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। यह सुनने में ही विचित्र लगता है कि परीक्षा में आजकल सौ प्रतिशत तक अंक मिल रहे हैं। देश की राजधानी के कॉलेजों में कटऑफ होता है जिसके तहत तिरानबे-चौरानबे प्रतिशत से कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को दाखिला ही नहीं मिल पाता। यह परीक्षापद्धति अपनी समझ में नहीं आती। बताते हैं कि आजकल ऑब्जेक्टिव मैथड से परीक्षा ली जाती है। होती होगी इस तरह के प्रयोगों के चलते परीक्षा में बैठने वाले बच्चों का खाना-पीना तक मुहाल हो जाता है। साल भर तैयारी करते रहो, चार विकल्प में से एक उत्तर सही है उसे याद करो, और अपना पूरा दिमाग उसी में लगा दो। मैं नहीं जानता कि इसमें विद्यार्थियों के स्वतंत्र मानसिक विकास का कितना अवसर होता है। वे इस कठिन परीक्षा पद्धति की तैयारियों के बीच देशकाल के बारे में कितना ज्ञान हासिल कर पाते हैं। उनके कोमल हृदय का रस कहीं ये परीक्षा पद्धति सोख तो नहीं लेती है?'*

**(देशबन्धु में 15 जुलाई 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### जिम्मेदार जीवन जिएं

हर व्यक्ति स्वयं के लिए जिम्मेदार है। आज जो कुछ भी है वह पूर्व कर्मों का प्रतिफल है और हम जो वर्तमान में कर रहे हैं कल इसका सम्मिलित परिणाम फलित होना है। इस तरह हम भविष्य के निर्माण और स्वयं के अपने भविष्य के भाग्य विधाता आप हैं।

कल यदि कुछ अपने अनुकूल नहीं होता है तो इसके लिए हम चाहे परिस्थितियों को दोषी ठहरा सकते हैं, लेकिन अध्यात्म पथ का साहसी सूरमा पूरी जिम्मेदारी स्वयं पर लेता है। किसी तरह का दोषारोपण की गुंजाइश नहीं। हम अपनी असफलता के लिए दूसरों को दोषी ठहराकर झूठा संतोष पा सकते हैं। अपनी झूठे इन्जत को बचाने की कुचेष्टा कर सकते हैं मा जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन अंतरात्मा के पास इसका कोई विकल्प नहीं। ईश्वर का अकाट्य सत्य विधान अपनी जगह तत्काल लागू हो जाता है। हम जैसा अपना भविष्य चाहते हैं उसके अनुरूप अपने वर्तमान को सजाना-संवारना प्रारंभ कर दें तथा अपने वर्तमान का सम्यक मूल्यांकन करें।

अपनी क्षमताओं शक्तियों व विशेषताओं से परिचित हो जाए, इनके आधार पर लक्ष्य का निर्धारण करें साथ ही अपनी कमजोरियों, न्यूनताओं का भी ईमानदार मूल्यांकन करें, जिन पर कार्य किया जाना शेष है और नित्यप्रति संकल्पित प्रयास के साथ उस ओर आगे बढ़े।

कोई कारण नहीं कि जीवन में अधिक देर तक हम वांछित सफलता से वंचित रहेंगे। साथ ही यह नेक कार्य बिना किसी से तुलना या कटाक्ष के दबाव में करें और नित्य अकिंचन ही सही, परंतु अपनी छोटी-सी प्रगति पर उत्साहित होवें और उसके आधार पर अगला कदम उठाएं।

दूसरों से तुलना करने पर हम इतना हतोत्साहित हो सकते हैं कि फिर अगला कदम उठाना ही कठिन पड़े तथा स्वयं से निचले पायदान पर खड़े व्यक्तियों को देखकर हम अपनी श्रेष्ठता के दंभ में बह सकते हैं या आत्ममुग्धता की स्थिति में आ सकते हैं। दोनों ही स्थिति में हमारे प्रयास बूरी तरह से शिथिल होते हैं। अत: बाहरी उत्प्रेरक के बजाय, अंत: प्रेरणा से जीवन के प्रगत्ति पथ पर आगे बढ़ें।

इसमें स्वाध्याय की शक्ति को नजरअंदाज न करें। इसका भरपूर लाभ उठाएँ। युग की श्रेष्ठतम विभूतियों, विचारकों एवं आध्यात्यिक मार्गदर्शकों के साहित्य का पारायण करें, जिसके लाभ दोतरफा होते हैं।

एक तो इनके प्रकाश में जीवन के अंधेरे कोने कातरों में पड़ी दुर्बलताओं, अवगुणों का बोध होता है और साथ ही जीवन की सकल संभावनाओं से भी परिचय हो पाता है। साथ ही संघर्ष के पलों में इनके उदाहरणों से सबल प्रेरणा भी मिलती रहती है। अत: हर पल को पूरे होशोहवास में जिएं, सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और अपने ईमानदारीपूर्ण पुरुषार्थ के आधार पर अपनी संकल्प सृष्टि को मूर्तरूप दें। यही सुखी जीवन का आधार है।

-अखंड ज्योति

# खेल जगत

## ग्रेनाडा टेस्ट में स्टीव स्मिथ की वापसी तय

**सेंट जॉर्ज ( ग्रेनाडा )।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अपनी उंगली की चोट से उबर चुके हैं और ग्रेनाडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम की प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे। कप्तान पैट कमिंस ने खुलासा किया कि नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच से 24 घंटे से भी कम समय पहले स्मिथ की वापसी हुई है, जोश इंगलिस को ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज की जगह टीम से बाहर किया गया है। स्मिथ ने मंगलवार को स्प्लिंट पहनकर बिना दर्द के बल्लेबाजी की और कमिंस ने कहा कि 36 वर्षीय स्मिथ को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने का कोई कारण नहीं था। कमिंस ने स्मिथ के बारे में कहा किवह खेलने के लिए तैयार हैं, उंगली अच्छी तरह से ठीक है। वह वास्तव में खुश था, खासकर बल्लेबाजी करते हुए। फील्डिंग में हमें अभी भी थोड़ा बहुत प्रबंधन करने की आवश्यकता है, इसलिए वह बहुत बार स्लिप में नहीं होगा।



## शुभमन गिल एक शानदार कप्तान और बेहतरीन बल्लेबाज : जायसवाल

**बर्मिंघम,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल ने अपने कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि वह एक शानदार कप्तान और एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं और उनके साथ साझेदारी का वह बल्लेबाजी के साथ-साथ ड्रेसिंग रूम में भी लुत्फ उठाते हैं। एजबस्टन टेस्ट के पहले दिन 87 रन की पारी खेलने और गिल के साथ भारतीय पारी को संभालने वाली साझेदारी करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए जायसवाल ने कहा कि गिल की कप्तानी अभी तक बेहतरीन रही है। हम साथ में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाते हैं और कोशिश करते हैं कि जो पिच पर सेट है, वह खेल को आगे तक ले जाएं। हमारे बीच यही बात भी होती है कि सीजन-दर-सीजन हम कैसे खेल सकते हैं। ड्रेसिंग रूम में भी हमारे बीच यही बातें होती हैं। वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं और जिस तरह से उन्होंने अब तक इस सीरीज में बल्लेबाज़ी की, वह शानदार है। गौरतलब है कि एजबस्टन टेस्ट में भारतीय टीम ने अपने एकादश में तीन बदलाव किया, लेकिन फिर भी इस एकादश में जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसे आक्रामक गेंदबाज नहीं थे, जो विपक्षी टीम के 20 विकेट लेने की कुव्वत रखते हैं। जहां बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत एक सप्ताह के ब्रेक के बाद भी आराम दिया गया, वहीं कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर की ऑलराउंड क्षमता को प्राथमिकता दी गई।



### जायसवाल-गिल से प्रभावित हुए सचिन



**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल की पारियों से प्रभावित हैं। यशस्वी जायसवाल ने एजबेस्टन में 87 रन की पारी खेली, जबकि पहले दिन की समाप्ति तक कप्तान शुभमन गिल 114 रन बनाकर नाबाद रहे। सचिन तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, यशस्वी जायसवाल ने पहली ही गेंद से लय बना दी। वह सकारात्मक, निडर और समझदारी से आक्रामक थे। शुभमन गिल हमेशा की तरह शांत रहे। दबाव में स्थिर, डिफेंस में मजबूत और पूरी तरह कंट्रोल में। दोनों खिलाड़ियों की पारियां बेहद क्लासी रहीं। बढ़िया खेला, लड़कों! पहले दिन खेल खत्म होने पर जायसवाल ने अपने कप्तान की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें बल्लेबाजी करते देखना अविश्वसनीय था। जायसवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से गिल बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह कमाल के हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना अविश्वसनीय है। एक कप्तान के तौर पर भी, वह कमाल के हैं। मुझे लगता है कि वह इसे लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि उन्हें टीम के लिए क्या करना है।

### शुभमन गिल उज्ज्वल भविष्य वाले विश्व स्तरीय खिलाड़ी : जोनाथन ट्रॉट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट ने एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन शुभमन गिल की शानदार पारी को सराहा है। उनका मानना है कि गिल एक उज्ज्वल भविष्य वाले विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। ट्रॉट ने जियो-हॉटस्टार के मैच सेंटर लाइव पर कहा कि ब्रायडन कार्स के पास क्रिस वोक्स की तुलना में थोड़ी अधिक गति है, लेकिन गिल की समझ प्रभावशाली है। उन्हें पता है कि इन दोनों का मुकाबला कैसे किया जाए। वह जानते हैं कि वोक्स स्टंप पर अटैक करने की कोशिश करेंगे। बिना किसी तेज गति के गिल ने इसे संभालने के लिए एक योजना बनाई है। यह पहले से सोची-समझी रणनीति थी। यही वह चीज है, जो अच्छे खिलाड़ियों को औसत खिलाड़ियों से, जबकि विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को बाकी खिलाड़ियों से अलग करती है। उन्होंने आगे कहा कि कप्तान के तौर पर, इसका बहुत बड़ा असर होता है। सबसे खास बात उनकी बॉडी लैंग्वेज थी। इंग्लिश गेंदबाजों के खिलाफ उनके कंट्रोल ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया है कि वह कमान संभाल रहे हैं, वह आगे से नेतृत्व कर रहे हैं। गिल का इरादा साफ था कि मैं वहां रहूंगा, नॉट आउट रहूंगा, और कल फिर से खेलना शुरू करूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह एक उज्ज्वल भविष्य वाले विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं।

## भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

### सीरीज में 2-1 की बढ़त, वैभव सूर्यवंशी ने 31 गेंदों में 86 रन बनाए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। 14 बरस के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के मात्र 20 गेंदों में इतिहास के तीसरे सबसे तेज अर्धशतक की बदौलत भारत अंडर 19 ने इंग्लैंड को पांच यूथ वन डे मैचों की सीरीज के तीसरे वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नॉर्थम्पटन में बुधवार रात छह विकेट से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त ले ली।

थॉमस रेव के मात्र 44 गेंदों में 76 रन तथा सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस के 61 गेंदों में एक छक्के और 8 चौकों की मदद से बनाए 62 व इसाक मोहम्मद के 41 रन की बदौलत इंग्लैंड अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बारिश के कारण 40 -40 ओवर में छह विकेट पर 268 रन बनाए। बेन मेज ने 31 रन बनाए और इंग्लैंड ने 6.3 ओवर में 35 रन के भीतर चार विकेट खो दिए। रेव ने इंग्लैंड की पारी के अंतिम पूर्व ओवर में 21 रन बनाए। ऑफ स्पिनर कनिष्क चौहान (3/30) भारत अंडर 19 के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के मात्र 31 गेंदों पर 9 छक्कों और छह चौकों की 86 रन की तूफानी पारी तथा कनिष्क चौहान(43 रन, 42 गेंद, एक छक्का, छह चौके) व आरएस अंबरीश (अविजित 31, 30 गेंद, एक चौका, तीन चौके) की सातवें विकेट की 75 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत अंडर 19 ने 34.3ओवर में छह विकेट पर 274 रन बनाकर मैच जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड अंडर 19 टीम के हर गेंदबाज की जमकर धुनाई की। वैभव आठवें ओवर में दूसरे बल्लेबाज के रूप में 111 रन बनाकर अलेक्जेंडर वेड की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मूर्स को कैच थमा आउट हुए।



विहान मल्होत्रा ने 34 गेंदों में 46 रन बनाए। मल्होत्रा सहित भारत ने छह ओवर में 30 रन के भीतर तीन विकेट खोए।सूर्यवंशी ने स्पिनर अल्बर्ट की गेंद को उड़ाकर मल्होत्रा के साथ मात्र 16 गेंदों में 50 रन की भागीदारी की और इसमें उनके जोड़ीदार का योगदान मात्र 5 रन का रहा, मौलय राज सिँह चावला बिना कोई रन बनाए आउट हुए। राहुल कुमार(27) ने अलेक्स ग्रीन की गेंद पर छक्का उड़ाया और मल्होत्रा के 46 रन जोड़े।

## मैं यूरोप दौरे पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने को बेताब हूं : प्रमोद

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। हरियाणा के छोटे से कस्बे नरवाना के फुलबैक प्रमोद अब संजय की अगुआई में यूरोप के दौरे पर जाने वाली भारत ए टीम में चुने जाने पर बेहद खुश हैं। भारत ए टीम अपने यूरोप दौरे पर आयरलैंड, फ्रांस, नीदरलैंड, इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी। प्रमोद भारत के लिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के कगार पर हैं। भारत ए टीम अपने यूरोप दौरे पर 8 से 20 जुलाई तक आठ मैच खेलेगी। भारत ए टीम में चुने जाने की बाबत प्रमोद बताते हैं, ' मेरे भारत ए टीम में चुने जाने पर मैं और मेरा परिवार बेहद खुश हूं। मैं हमेशा ही भारत की हॉकी में नुमाइंदगी करना चाहता था। ऐसे भारत ए टीम में चुना जाना मेरे लिए लिए बड़ा कदम है। मेरी अब तक की इस हॉकी यात्रा में मेरी मां का खासा अहम योगदान रहा है। मेरे जन्म से



पहले ही मेरे पिता का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था।' प्रमोद की दादी बैंक में काम करती थी और उन्होंने ने उनकी की शुरू में बहुत मदद की। भारत ए टीम में चुने जाने पर प्रमोद बताते हैं, 'जैसे ही मैंने अपना नाम भारत ए टीम में देखा तो मैंने अपनी मां को फोन इस बाबत बताया। मेरी मां ने मेरा हर मोड़ का बहुत साथ निभाया। प्रमोद जब छह बरस के थे तो उन्होंने पहले पहल हॉकी थामी और उसने उनके लिए नए विकल्पों के द्वार खोले। प्रमोद की मां ने गांव में खेतों में काम कर उनको पाला। प्रमोद जब छठी कक्षा

■ भारत ए टीम अपने यूरोप दौरे पर आयरलैंड, फ्रांस, नीदरलैंड, इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी

में थे तो पहली बार उन्होंने हॉकी थामी और उसने उनके लिए सीएजी में नौकरी सहित नए द्वार खेले। 2025 में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के लिए खेल उन्होंने अपनी टीम को रजत पदक जिताने में अहम भूमिका निभाई। यह प्रमोद के लिए निर्णायक मोड़ साबित हुआ इसने उन्हें राष्ट्रीय सेट में स्थान दिलाया।अब प्रमोद साई बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रहे हैं। अब तक सब प्रमोद के लिए ठीक ठाक चल रहा है। इससे मुझे अहम जानकारी मिल रही है।प्रमोद साई बेंगलुरु में ट्रेनिंग की बाबत बताते है, 'मैं इस अनुभव का पूरा लाभ उठा रहा हूं, अब तक शिविर बहुत अच्छा रहा है अेर इसमें हर साथी खिलाड़ी से संवाद का मौका मिला। मैं शिवर मे हर किसी से संवाद कर रहा है। में पहले से शिविर का हिस्सा रहे खिलाड़ियों से भी मिला अर उनसे संवाद किया।

इन सभी से मुझे बेशकीमती जानकारी मिली। प्रमोद भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन की बाबत बताते हुए कहते हैं ,'मुझे उनसे खास तौर पर टीम के ढांचे और संयोजन की बाबत सीखन बहुत मौका मिला। शिवेंद्र का व्यवहार बहुत मित्रवत हैं और उनकी बात हम बढ़िया ढंग से समझते भी है। मैं यूरोप दौरे पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने को बेताब हूं । मेरे लिए यह नया अनुभव साबित होगा ।मेरा लक्ष्य यूरोपीय दौरे पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सीनियर भारतीय टीम में स्थान बनाना है, जिससे मैं वैश्विक मंच पर बराबर बढ़िया प्रदर्शन कर सकूं।

## लोनाटो शॉटगन वर्ल्ड कप में भारतीय स्कीट शूटर करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। छह सदस्यीय भारतीय पुरुष और महिला स्कीट शूटिंग दल अंतरराष्ट्रीय सत्र के चौथे और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन चरण में पहला निशाना साधेंगे, जो इटली के लोनाटो में खेल के पारंपरिक एम्फीथिएटर, ट्रैप कॉनकेवर्डे में आयोजित होने वाला है जबकि स्कीट टीम पहले ही इस इतालवी शहर में पहुंच चुकी है। ट्रैप टीम के छह और सदस्य के 5 जुलाई, 2025 को वहां पहुंचने की उम्मीद है। पुरुष और महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालिफाइंग राउंड रविवार, 6 जुलाई, 2025 से शुरू होंगे, जबकि दोनों फाइनल मंगलवार, 8 जुलाई, 2025 को आयोजित किए जाएंगे। पुरुषों की स्कीट में भारतीय उम्मीदें ओलंपियन मिराज अहमद ख़ान, अंगद वीर सिंह बाजवा और अनंत जीत सिंह नरुका पर टिकी होंगी। वहीं महिलाओं की स्कीट टीम में दो ओलंपियन, महेश्वरी चौहान और रायजा ढिल्लों के अलावा अनुभवी गनेमत सेखों भी शामिल हैं। पूर्व एशियन गेम्स सिल्वर मेडलिस्ट लक्ष्य श्योरण, अनुभवी



जोरावर सिंह संधू और उभरते हुए जसविंदर सिंह के साथ मिलकर पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू, प्रीति रजक और प्रगति दुबे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा में, जिसमें इस साल भारत का एकमात्र शॉटगन वर्ल्ड कप पदक निकोसिया में आया था, लक्ष्य और नीरू तथा जोरावर और प्रीति की जोड़ियां उतरेंगी। स्कीट टीम कोच विक्रम चोपड़ा के मार्गदर्शन में पहले ही अनौपचारिक अभ्यास के जरिये मौसम और परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की तैयारी शुरू कर चुकी है।

■ पुरुष और महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालिफाइंग राउंड रविवार, 6 जुलाई, 2025 से शुरू होंगे

## एशिया कप और जूनियर कप भारत आएंगी पाकिस्तानी हॉकी टीमें

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान की हॉकी टीमें एशिया कप और जूनियर विश्व कप खेलने भारत आएंगी। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। इसके लिए गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। पाकिस्तान की हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में खेलने से नहीं रोका जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने दी है । एशिया कप का आयोजन बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होना है, जबकि जूनियर विश्व कप का आयोजन चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। लेकिन द्विपक्षीय संबंध अलग-अलग हैं और इस मामले में कोई ढील नहीं दी जाएगी। यह खबर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी घटनाओं के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध काफी बिगड़ गए थे।

> हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं : सूत्र

## श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

■ दूसरे राउंड में श्रीकांत का मुकाबला चीनी ताइपे के विश्व नंबर 71 पो-वेई वांग से होगा

**कैलगरी ( कनाडा ),** 3 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल मुकाबले में हमवतन प्रियांशु राजावत को हराकर कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बना ली।

मार्खम पैन एम सेंटर में खेले गए मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में वर्तमान में 49वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत हमवतन प्रियांशु राजावत के खिलाफ शुरुआती गेम हार गए, लेकिन इसके बाद श्रीकांत ने वापसी करते हुए 53 मिनट तक चले मुकाबले को 18-21, 21-19, 21-14 से अपने नाम किया। दूसरे राउंड में श्रीकांत का मुकाबला चीनी ताइपे के विश्व नंबर 71 पो-वेई वांग से होगा, जिन्होंने शुरुआती दौर में मलेशिया के जस्टिन होह को हराया है। इस बीच, पिछले हफ्ते अमेरिका ओपन में खिताब जीतने वाले दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी और पांचवें वरीय आयुष शेट्टी को कैलगरी में निराशा हाथ लगी और उन्हें साथी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एस शंकर मुथुसामी ने शुरुआती राउंड में ही बाहर कर दिया। 57वें स्थान पर काबिज मुथुसामी ने 44 मिनट में 23-21, 21-12 के स्कोर से जीत हासिल की। अब अगले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के यू काई हुआंग से होगा। इस बीच महिला वर्ग में श्रीयांशी वलीशेट्टी एकमात्र भारतीय शटलर रहीं, जिन्होंने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में महिला एकल में शुरुआती राउंड में जीत दर्ज की। दुनिया की 75वें नंबर की खिलाड़ी वलीशट्टी ने सातवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 22-20 से हराया। वलीशेट्टी का अगला मुकाबला मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना से होगा।



## भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के पद से हटेंगे मार्क्वेज

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और स्पेन के मनोलो मार्क्वेज के अलग होने पर सहमति जताने के बाद मार्क्वेज भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के पद से हटेंगे। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की बैठक में इस पर औपचारिक मुहर लगाई गई। मार्क्वेज के कार्यकाल के दौरान भारत ने आठ मैचों में से सिर्फ एक में जीत दर्ज की है। मार्क्वेज के अलग होने का फैसला 10 जून को एएफसी एशिया कप क्वालीफायर 2027 में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग से 1-0 की हार के बाद आया है। इससे पहले भारत ने क्वालीफायर अभियान के शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ़ 0-0 से ड्रॉ खेला था। मार्क्वेज को जून, 2024 में भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में, भारत ने आठ मैचों में से सिर्फ एक जीत दर्ज की, एक दोस्ताना मैच में मालदीव पर 3-0 की जीत। भारत की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में आखिरी प्रतिस्पर्धी जीत कुवैत के खिलाफ हुई थी।

## सार संक्षेप

### घुटने की चोट ने ज्योति याराजी का 2025 का सत्र समाप्त

नई दिल्ली। स्टार हर्डलर ज्योति याराजी का 2025 का एथलेटिक्स सत्र प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लगने के बाद अचानक समाप्त हो गया। याराजी ने बुधवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण खबर साझा की, कुछ दिन पहले प्रशिक्षण के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगने के कारण, मुझे अपने सत्र को रोकना पड़ा है। मैं अपने विकल्पों का आकलन करने और आगे के रास्ते पर निर्णय लेने के लिए अपनी मेडिकल टीम के साथ काम कर रही हूं। उसने वादा किया कि वह और मजबूत होकर वापसी करेंगी। उन्होंने कहा कि चोटें एक एथलीट की यात्रा का हिस्सा हैं और मैं इसे एक और बाधा के रूप में देख रही हूं जिसे मैं जल्द ही आपके समर्थन और आशीर्वाद से दूर करने जा रही हूं। मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगी।

### लूना के गोल से अमेरिका गोल्ड कप फाइनल में

**सेंट लुइस।** डिएगो लूना के पहले हाफ में किये दो गोल की बदौलत अमेरिका ने गोल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गये पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका ने ग्वाटेमाला को 2-1 से हराकर कॉनकोकाफ गोल्ड कप फाइनल में प्रवेश किया। रियल साल्ट लेक के मिडफील्डर लूना ने चौथे मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। इसके नौ मिनट बाद लूना फिर से गोल दाग दिया। ग्वाटेमाला ने समय से 10 मिनट पहले ओल्गर एस्कोबार के किए गये गोल के जरिए हार के अंतर का कम किया।अमेरिका का मुकाबला मैक्सिको और होंडुरास के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

### राडुकानू और फ्रिट्ज विंबलडन के तीसरे दौर में

**लंदन।** ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू और अमेरिका के दिग्गज टेलर फ्रिट्ज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर विंबलडन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बना ली है। एम्मा राडुकानू ने चेक गणराज्य की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। 82 मिनट तक चले मुकाबले में राडुकानू ने वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। राडुकानू का अगले दौर में मुकाबला दुनिया की नंबर वन आर्यना सबालेंका से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने पांच सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर विंबलडन 2025 के अगले दौर में जगह बनाई।

### नौरी ने टियाफो को हराया

**लंदन।** ब्रिटेन के स्टार कैमरून नौरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में फ्रांसेस टियाफो को हराकर विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी नौरी ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में अमेरिका के टियाफो के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और अब नौरी का अगला मुकाबला इटली के विश्व नंबर 73 मैटिया बेलुची से होगा।

## 100 टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल होंगे ब्रैथवेट

**बारबाडोस,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। क्रेग ब्रैथवेट आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे और वेस्टइंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले 10वें क्रिकेटर बन जाएंगे। वह विव रिचर्ड्स, क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और गॉर्डन ग्रीनिज जैसे खिलाड़ियों की विशिष्ट सूची में शामिल हो जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में, ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट की आधारशिला बन गए हैं, उन्होंने 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों के साथ 5943 रन बनाए हैं, उनमें से 39 में टीम का नेतृत्व किया है, किसी भी अन्य वेस्टइंडीज खिलाड़ी की तुलना में अधिक गेंदों का सामना किया है और 2022 में आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में स्थान अर्जित किया है।



उनकी यात्रा 2011 में 18 वर्षीय नवोदित खिलाड़ी के रूप में शुरू हुई, लेकिन यह विश्वास बहुत पहले ही जड़ जमा चुका था, जब उन्होंने सिर्फ़ 14 वर्ष की आयु में ही पूरे आत्मविश्वास के साथ घोषणा की थी कि वह एक दिन वेस्टइंडीज के लिए 100 टेस्ट खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर क्रेग ब्रैथवेट ने कहा कि मैंने यह लक्ष्य तब तय किया था, जब मैं शायद 14 वर्ष का था - 100 टेस्ट खेलना। अब मैं 18 साल बाद वेस्टइंडीज के लिए अपना सौवां टेस्ट खेल रहा हूं । मैं बहुत आभारी हूं, और मैं बस युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं। मई 2011 में बैसेटेरे में पाकिस्तान के खिलाफ ब्रैथवेट के लिए यह ड्रीम डेब्यू नहीं था। हालांकि, उन्होंने एक बाउंड्री के साथ शुरुआत की, लेकिन 15 और 0 के स्कोर ने उनके टेस्ट करियर की एक शांत शुरुआत को चिह्नित किया। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि इस विश्वास को जमने में समय लगा, लेकिन एक बार जब यह जम गया, तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ़ अपने तीसरे टेस्ट में एक शानदार अर्धशतक ने फॉर्म में वापसी की, जिसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ अपने अगले चार मैचों में उन्होंने तीन और अर्धशतक लगाए। ब्रैथवेट को अपना पहला टेस्ट शतक बनाने में तीन साल लग गए - 2014 में पोर्ट ऑफ स्पेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक संयमित पारी - लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, जिसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में उनकी जगह को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मेरा पहला शतक एक ऐसा एहसास था जिसे मैं वास्तव में शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मुझे विश्वास नहीं था कि मैं टेस्ट शतक के इतने करीब पहुंच जाऊंगा, और फिर इसे हासिल करने के बाद, मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने वेस्टइंडीज के लिए 100 रन बनाए। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत मायने रखता था और इससे मुझे आगे बढ़ने में मदद मिली, यह जानने में कि मैं यह कर सकता हूं। अपने पहले शतक के कुछ ही महीनों बाद, क्रेग ब्रैथवेट ने किंग्सटाउन में शानदार 212 रन बनाए, जो टेस्ट में उनका पहला दोहरा शतक था। उन्होंने 2014 में दक्षिण अफ्रीका में बॉक्सिंग डे शतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया और 77.88 के शानदार औसत से 701 रन बनाकर साल का अंत किया, जो एक कैलेंडर वर्ष में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

■ पिछले कुछ वर्षों में, ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट की आधारशिला बन गए हैं

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### फसल बीमा की दी जानकारी



**पिपरिया, देशबन्धु।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय पिपरिया में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एसबीआई जनरल एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा खरीफ सीजन 2025 का शुभारंभ केक काटकर किया। जानकारी की पाठशाला बजी लगाई गई। जिसमें किसानों को फसल बीमा के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ कृषि अधिकारी निराली आर्य, एसबीआई जनरल तहसील प्रतिनिधि राहुल सराठे, कृषि अधिकारी विकास पटेल, रेणुका कीर सहित समस्त कृषि अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### वृक्ष फल देने के साथ बचाते हैं पर्यावरण : शर्मा

**इटारसी, देशबन्धु।** फलदार वृक्ष जहां अनेक पक्षियों को आवास प्रदान करते हैं वहीं वायु शुद्ध कर पोषण देने वाले फल प्रदान करते हैं यह बात प्राचार्य विनय मोहन शर्मा ने सांडिया ईको क्लब द्वारा




आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूल सांडिया में दो दर्जन से अधिक फलदार पौधों नीबू, कटहल, आंवला का पौधारोपण किया। इस अवसर पर गमलों में फूलदार पौधे भी लगाये गये। विद्यालय से स्थानांतरित हो रहे विष्णु प्रसाद सोनी के विदाई अवसर को यादगार बनाने स्टॉफ के साथ श्री सोनी ने भी पौधे लगाये। इस अवसर पर ईको क्लब प्रभारी सारिका घारू ने कहा कि यह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का अवसर है जिसमें पौधारोपण के बाद इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। इसके लिये क्लब के विद्यार्थी निरंतर इन पौधों की देखभाल करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टॉफ अजय दुबे, प्रमोद रघुवंशी, मनोज पटेल, केएम साहू, ब्रजेश तिवारी, आनंद चौहान, दीपराज चौधरी, मुकेश साहू, पीसी किरार, अनिल भार्गव, समर्थ दीक्षित, संध्या ठाकुर, भागवती सराठे, निशा राय, वर्षा सिंगारे तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# खिरकिया के वार्ड क्रमांक 7 में गंदगी का अंबार, नगर परिषद बेखबर

**खिरकिया, देशबन्धु।** नगर के बीचों-बीच स्थित वार्ड क्रमांक 7, रेलवे गेट के पास बने सरकारी शौचालय के सामने सड़क पर कचरे का ढेर दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। यहां से निकलने वाली बदबू और फैल रही गंदगी से स्थानीय नागरिकों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

सब्जी मंडी के पास यह क्षेत्र नगर का सबसे व्यस्त इलाका है, जहां हर दिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। इसके बावजूद नगर परिषद की ओर से सफाई को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। सुबह 7 बजे से शुरू होने वाली सफाई गाड़ियाँ भी महज़ दिखावे की कार्रवाई करती हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां तैनात सफाई कर्मचारी भी कचरा देखकर अनदेखी कर रहे हैं। यह समस्या केवल वार्ड क्रमांक 7 तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। नागरिकों ने नगर परिषद से शीघ्र प्रभावी सफाई व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।




## तहसील मे लंबित कार्यो और अधूरी सड़क की संभागायुक्त से शिकायत

**आमला, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय मे पक्षकारो के लंबित प्रकरणो समय पर कार्य नही होने, बैतूल- आमला अधूरी सड़क व अन्य समस्याओ को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राजेंद्र उपाध्याय ने नर्मदापुरम संभागायुक्त से मुलाकत कर ज्ञापन सौपा। अधिवक्ता श्री उपाध्याय ने बताया आमला को अनुभाग का दर्जा मिले तीन साल हो गये है लेकिन अनुविभाग जैसी सुविधाए नही है जिससे पक्षकारों को परेशान होना पड़ता है उपपंजीयक कार्यालय नही है जिसके कारण भूमि की बिक्री खरीदी मे रजिस्ट्री करवाने बैतूल मुलताई चककर काटना पड़ता है । बैतूल आमला सड़क वर्षो से अधूरी ,पंखा सड़क जानलेवा आमला-पंखा तक 15 किमी सड़क मे दो सालो से लम्बे चोडे गड्डे हो चुके है, जिसमे रोजाना ही दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होते है । कई मर्तबा चोपहिया वाहन इस सड़क पर पलट चुके है। अनेको लोगो की जान जा चुकी है। लोग अपाहिज भी हुए है। बार बार नागरिकों द्वारा मांग करने के बावजूद सड़क का मेंटेन्स कार्य आज तक नही हुआ सड़क पूर्णत: जानलेवा हो चुकी है । वही दूसरी ओर आमला के नगरवासियो के लिए बैतूल पहुंच मार्ग वाली हसलपुर बरसाली सड़क दो जगहों से वर्षो से अधूरी पड़ी है। इस संबध मे भी अनेको बार नागरिकों द्वारा ज्ञापन आंदोलन किये गये, लेकिन कोई हल नही निकला है।

# कमल पटेल के राष्ट्रीय परिषद में चयन होने पर खुशी की लहर, बधाई दी

**खिरकिया, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने अपनी सशक्त मौजूदगी दर्ज कराई है। मध्यप्रदेश से भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के लिए चुने गए 42 वरिष्ठ नेताओं में उनका नाम शामिल किया गया है।

कमल पटेल के राष्ट्रीय परिषद में चयन की घोषणा होते ही हरदा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले भर से सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भोपाल पहुंचे और उनका स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। खिरकिया से युवा भाजपा नेता रविंद्र दुआ, मंडल अध्यक्ष संजय यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष विजयंत गौर, राजेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, समेत भाजपा पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने कमल पटेल को बधाई दी और उनके साथ संगठन की मजबूती का विश्वास दोहराया। उन्होंने कहा कि कमल पटेल का यह चयन केवल एक औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि पार्टी की राष्ट्रीय रणनीति में उनकी गहरी भूमिका का संकेत है। वे पूर्व में मध्यप्रदेश सरकार में राजस्व और कृषि मंत्री जैसे महत्वपूर्ण विभागों का कुशल संचालन कर चुके हैं। विधायक का चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने क्षेत्र से नाता नहीं तोड़ा, बल्कि किसानों, युवाओं और आमजन की समस्याओं को निरंतर प्राथमिकता से हल कर जनसेवा की मिसाल पेश की। उनके राष्ट्रीय परिषद में



पहुंचने से न केवल हरदा जिले, बल्कि पूरे प्रदेश को संगठनात्मक मजबूती मिलने की संभावना है।

### संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे- पटेल

कमल पटेल ने राष्ट्रीय परिषद में निर्वाचित होने के अवसर पर नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अन्य सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा केवल एक दल नहीं, एक विचार है, और मैं उसी विचार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान




बैतूल, देशबन्धु। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी से जून माह में अधिवार्षिक आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए 16 कर्मचारियों का सम्मान समारो आयोजित किया गया। समारोह में सभी सेवानिवृत्तजनों का स्वागत नरेश पनवार, महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में अशोक बागडे, दिनेश कुमार शर्मा, गुलाब राव पांसे, विजय कुमार मालवीय, विनायक राव पडलक, युगराज माकोडे, गोविंद राव पाटनकर, रघुनाथ देशमुख, बलराज मालवीय, रामराव राने, रमेश गव्हाडे, जयप्रकाश बचले, रामाधार पाटील, सहदेव धोटे सहित कुल 16 कर्मचारी शामिल रहे।

मुख्य अभियंता व्ही. के. कैथवार एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. एन. सिंह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, मिष्ठान एवं सामूहिक फोटो भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अभियंता कैथवार ने सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बाबा मठारदेव की कृपा सदैव बनी रहे, यह कामना की। इस आयोजन में अधीक्षण अभियंता डी. पी. मिश्रा, यू. पी. एस. सिकरवार, ज्योति गायकवाड, उल्हास देशमुख, अविनाश सिंह, मुख्य रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता, हर्षल नखाते, चेतन कुशवाह, कपिल बंसोड सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्व-सुरक्षा निधि समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के सचिव अम्बादास सूने ने बताया कि समिति वर्ष 1975 से कर्मचारियों के हित में कार्यरत है। समिति के नियमित सदस्य की आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रित परिवार को तत्काल 75 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं किसी सदस्य के आईसीयू में भर्ती होने पर 60 हजार की आर्थिक सहायता ब्याज रहित रूप में उपलब्ध कराई जाती है, जिसे 12 किश्तों में वेतन से कटौती कर वापस लिया जाता है। इस सम्मान समारोह में किनशुक नामदेव, सुरेश खवसे, श्रवण पाटनकर, मुन्नालाल पंवार सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग का बीज अंकुरित नहीं होने से किसानों की फसल बर्बाद

### जिला कांग्रेस कमेटी ने आमला तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, प्रति हेक्टेयर 18 हजार मुआवजे की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** आमला तहसील में कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को वितरित किया गया सोयाबीन का बीज अंकुरित नहीं हुआ, जिससे किसानों की खरीफ की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छन्नू बेले के नेतृत्व में किसानों ने आमला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जेएस 2098 बीज अंकुरित नहीं होने से किसानों को फसल मुआवजा प्रति हेक्टेयर 18 हजार की राशि दिए जाने तथा कंपनी मालिक पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री बेले ने बताया कृषि विभाग के माध्यम से जिले के आमला ब्लॉक में किसानों को जेएस 2098 किस्म का बीज वितरित किया गया था, लेकिन बीज की गुणवत्ता इतनी खराब निकली कि जमीन में बुवाई के बाद भी अंकुरण नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि यह बीज उन्नत उत्पादन और किसान हित में वितरित किया था, लेकिन अब यह बीज



किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। फसल पूरी तरह चौपट होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसकी जानकारी लगने पर कृषि विभाग के अधिकारी ने सिर्फ पंचनामा तैयार किया है, मुआवजा संबंधी कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग द्वारा बिना गुणवत्ता जांच के किसानों को जो बीज वितरित किया गया, वही इस नुकसान की मुख्य वजह है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और किसानों को त्वरित राहत देने की मांग की है। प्रभावित किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द मुआवजे और दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष छन्नू बेले विश्राम उईके, ओम दास शेषकर, देवराम चौकीकर, दिलीप रावत, रमेश दामले, भोजराज, महेश, धनलाल नागले, सुखदेव नारे, रामदयाल राठौर, दिलीप रावत, दिनेश, देवराव चौकीकर सहित अन्य किसान शामिल है।

# जमीन विवाद में एक ही परिवार से 2 पक्ष आमने-सामने

### एसपी से की मारपीट और धमकी की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के ग्राम धरमपुर निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी बेटी के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर मारपीट और जान से मारने की धमकी की शिकायत की, तो दूसरी ओर बेटों और बेटी ने खुद पर दर्ज किए गए झूठे केसों को निरस्त कराने के लिए अलग आवेदन सौंपा है। दोनों ओर से जमीन विवाद को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

ग्राम धरमपुर निवासी बुजुर्ग महिला फैलीरानी मंडल 75 वर्ष एवं उनकी पुत्री सविता मंडल ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके ही परिजन ङ्क प्रभाष मंडल, सुशील मंडल, साभी मंडल, समली मंडल, सत्यवान, राजू और कृष्णा मंडल हथियारों के साथ खेत पर पहुंचे और उनके हिस्से की जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। आवेदिकाओं के अनुसार 30 जून को सभी अनावेदक खेत में कुल्हाड़ी, फावड़ा, दाव, छुरी जैसे हथियार लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। फैली और सविता को धमकाया गया कि यदि वे खेत पर दोबारा आईं, तो उन्हें जिंदा जला देंगे। शोर सुनकर मौके पर फैली के पुत्र सुनील मंडल और नारायण मंडल पहुंचे तो उन्हें भी पीटा गया। फैली रानी ने बताया कि उनके कुल पांच पुत्र प्रभाष, सुशील, सुनील, प्रदीप और नारायण एवं एक पुत्री सविता है। सभी भाई-बहन खसरा नंबर 105/2, 138, 257/2 कुल रकबा 2.135 हेक्टेयर भूमि में हिस्सेदार हैं। सभी का आपस में मौखिक बंटवारा हो चुका है और सभी अपने हिस्से की जमीन पर खेती कर रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रभाष मंडल जो हाल ही में डबल्यूसीएल बगडोना से सेवानिवृत्त हुए हैं, वे और उनके परिवारजन अब उनके हिस्से की जमीन हड़पना चाहते हैं। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि जब वे थाना चोपना में रिपोर्ट दर्ज कराने गईं, तो उनकी रिपोर्ट नहीं ली गई, उल्टे पुलिस से साठगांठ कर शिकायतकर्ता के पुत्र प्रदीप, सुनील और पुत्री सविता पर झूठे प्रकरण दर्ज करवा दिए।

इसी मामले के दूसरे पक्ष में सुनील मंडल, प्रदीप मंडल एवं सविता मंडल ने भी पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर निवेदन किया है कि अनावेदक प्रभाष मंडल, सुशील मंडल, साभीरानी, समली, सत्यवान, राजू और कृष्णा मंडल ने उनके खिलाफ झूठी शिकायतें की हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना चोपना से मिलकर उनके खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कराए गए हैं। आवेदकों ने बताया कि प्रभाष मंडल पूर्व में भी विवाद कर चुके हैं और मई 2025 में उन्होंने उनके भाई नारायण मंडल के साथ भी मारपीट की थी, जिसका प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन है। उनका कहना है कि प्रभाष मंडल और उनके परिजन जमीन पर एकाधिकार जमाने के लिए झूठे केसों का सहारा ले रहे हैं। आवेदकों ने एसपी से निवेदन किया कि उनके खिलाफ दर्ज फर्जी मामलों को निरस्त कर अनावेदकों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# कालीबाड़ी निर्माण के लिए डॉ.शर्मा ने दान की भूमि, बनेगा मंदिर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शहर में कालीबाड़ी (माता महाकाली) के मंदिर के निर्माण के लिए सेमेरिटंस ग्रुप आफ स्कूल के संचालक और जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि के अवसर पर साढ़े पांच हजार हजार वर्ग फीट जमीन दान की। उक्त जमीन सिवनी मालवा रोड पर स्थित ग्राम रोहना में स्थित है।

ज्ञात रहे कि लंबे समय से शहर में काली बाड़ी निर्माण को लेकर चर्चा चल रही थी, किंतु यह कार्य नहीं हो पा रहा था। पिछले दिनों कुछ वरिष्ठ लोगों ने डा शर्मा से इस बारे में चर्चा की तो उन्होंने सहर्ष भूमि दान करने का विचार व्यक्त किया। गुरुवार शाम उक्त भूमि पर ही पहुंचकर डॉक्टर शर्मा ने आचार्य रश्मि रंजन पाणि के आचार्यत्व में भूमि दान का



संकल्प किया।

**चंदन मंडल देंगे प्रतिमा**- मंदिर में माता की प्रतिमा शहर के संगीतकार संतूर वादक चंदन मंडल की बेटी माही दान करेंगी। इस बात का संकल्प भी डॉक्टर चंदन मंडल ने किया। संकल्प के समय बंगाली समाज के वरिष्ठ मदनपाल, चंदन मंडल, सौमिक दत्ता, प्रमोद शर्मा और अमित महेश्वरी भी उपस्थित थे।

### लगातार जारी धार्मिक कार्य

डा शर्मा द्वारा लगातार धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। पिछले दिनों करोड़ों रुपए की लागत से डोंगरवाड़ा में जगन्नाथ मंदिर निर्माण कराया गया। उसके बाद गुरुकुल के पास स्थित दत्त मंदिर का जीर्णोद्धार उनके द्वारा कराया गया। हाल ही में गैरेज लाइन में भी एक मंदिर का निर्माण उनके द्वारा कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त छोटी पहाड़िया स्थित माता जी का मंदिर, सांगाखेड़ा का आहुमान मंदिर, नवीन जेल के सामने वाली कालोनी का हनुमान मंदिर, विद्यालय में सरस्वती मंदिर सहित कोई एक दर्जन से अधिक मंदिरों का निर्माण उनके द्वारा कराया जा चुका है।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत 7 जुलाई तक सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्य किए जाने है, जिसके अंतर्गत आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर समिति नर्मदापुरम द्वारा पूजनीय संत धुनि वाले दादा के पावन स्थान पर स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन मे सेठा हॉस्पिटल डॉ. अतुल सेठा (प्रख्यात चिकित्सक) एवं उनकी टीम के द्वारा लगभग 200 लोगों का स्वस्थ परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवाइयां प्रदान की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बालागंज, जुमेराती, बीटीआई तथा आसपास के क्षेत्र में लोगों तक स्वास्थ शिविर की सूचना पहुंच कर लगभग 200 लोगों को स्वास्थ शिविर का लाभ प्रदान करवाया। जिला संयोजक नितिन मेषकर द्वारा बताया गया कि जन-जन की सेवा, ही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम में प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, जिला मंत्री चेतन राजपूत, जिला संयोजक नितिन मेषकर, जिला गौ रक्षा प्रमुख कैलाश दायमा, जिला सुरक्षा प्रमुख प्रदीप दायमा, जिला सह गौ रक्षा प्रमुख दिनेश कीर, नगर सह मंत्री सुरेंद्र साहू, नगर उपाध्यक्ष प्रखर राज शर्मा, नगर उपाध्याय अनिरुद्ध चंदसोरिया, नगर सह सेवा प्रमुख सुशील गोहर, इशांत विश्वकर्मा, देव बाथव, बलराम विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब जप्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी के अरविंद सागर के मार्गदर्शन में गुरुवार को गस्त के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 1 के तहत 03 प्रकरण कायम किए । आबकारी वृत नर्मदापुरम अ के सब्जी मंडी क्षेत्र , कोठी बाजार एवं मालाखेड़ी से देशी मदिरा बरामद की गई। जप्त देशी मदिरा 75 पाव, कुल 13.5 बल्क लीटर मदिरा जप्त कर आरोपी कृष्णा रैकवार पत्नी धर्मेंद्र निवासी कोठी बाजार एवं मधु पिता मोतीलाल बावरिया निवासी माला खेड़ी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही। जप्त अवैध शराब की अनुमानित कीमत 5625 रुपए । कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पडरिया मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा, दुर्गाप्रसाद मांझी,आरक्षक धर्मेंद्र बारंगे एवं गणपति बोबडे का योगदान रहा।

# नदी पार कर किया क्लोरिनेशन

**पिपरिया, देशबन्धु।** मानसून की दस्तक के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड पिपरिया द्वारा नदी किनारे के लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामों में क्लोरिनेशन कार्य किया जा रहा है। जिसमें नर्मदा, दूधी, देनवा नदियां शामिल हैं।

विभागीय टीम प्रभारी सहायक यंत्री रवि केलवा के नेतृत्व में नर्मदा पुरम जिले के नरसिंहपुर बॉर्डर पर अंतिम गांव डोलनी मैं क्लोरिनेशन कार्य पूरा करने टीम दूधी नदी को पैदल पार कर 1 किलोमीटर पदयात्रा कर ग्राम पहुंची। अन्य टीम उपयंत्री प्रफुल्ल लोखंडे एवं समय पाल महेंद्र उईके के नेतृत्व में नर्मदा पुरम जिले के छिंदवाड़ा बॉर्डर पर अंतिम ग्राम पंचायत नादिया में क्लोरिनेशन कार्य किया जा रहा है। नादिया ग्राम पहुंचने के लिए देनवा नदी को पार कर जाना होता है।

प्रभारी सहायक यंत्री रवि केलवा ने बताया कि वर्षा ऋतु को देखते हुए नदी किनारे वाले ग्रामों एवं जल भराव वाले ग्रामों में विशेष ध्यान देकर क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। दूधी नदी के किनारे के ग्राम धडाव पडाव, मुर्गीढाना, खापाकला, जुन्हेटा, पलिया पिपरिया, माल्हनवाडा, सुरेला, अन्हाई, डुमर, उमरधा, आदि ग्रामों के साथ नर्मदा नदी के किनारे ग्राम खेरा, गडरोली, माथनी, संडिया, सिवनी, सहलवाड़ा आदि ग्रामों में निरंतर क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। क्लोरिनेशन कार्य के साथ-साथ फील्ड टेस्टिंग किट से ग्रामीणों को टेस्टिंग करने हेतु भी प्रशिक्षित किया गया। ग्राम में फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गई। जिससे वर्षा ऋतु में दूषित जल से होने वाले रोगों से बचा जा सकेगा। विकासखंड पिपरिया एवं बनखेड़ी की समस्त ग्राम पंचायत में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जा रही है जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर पानी की टेस्टिंग तत्काल की जा सकती है।



# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### 3 दोस्तों ने एक साथ सरकारी सेवा को कहा अलविदा



**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली क्षेत्र के ग्राम बारंगवाड़ी में एक साथ तीन जिगरी दोस्तों ने अपनी-अपनी सरकारी सेवाओं को अलविदा कहा। एक ही गांव में जन्मे, साथ पढ़े, साथ बड़े हुए और अब साथ सेवानिवृत्त हुए इन तीनों ने दिखा दिया कि दोस्ती उम्र और ओहदों से नहीं, जज़्बात से निभती है। बचपन के साथी दीनदयाल यादव, अमर लाल यादव और प्रेम लाल यादव सरकारी सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए। खास बात यह रही कि तीनों अलग-अलग विभागों में कार्यरत थे, पर दोस्ती की डोर हमेशा एक रही। दीनदयाल यादव और अमर लाल यादव ने वन विभाग में सेवा दी, वहीं प्रेम लाल यादव ने पुलिस विभाग में अपनी निष्ठा और कर्तव्य से जिले की सेवा की। तीनों की रिटायरमेंट एक साथ होने पर गांव में खुशी का माहौल था। इस खास मौके पर राजेश यादव, पंकज डोंगरे सहित अनेक ग्रामवासी, परिजन और इष्ट-मित्र उपस्थित रहे। सभी ने तीनों को सेवा निवृत्ति की बधाई दी और उनकी दोस्ती की सलामती के लिए मंगलकामनाएं कीं। कार्यक्रम के दौरान पुरानी यादें ताज़ा हुईं और एक भावुक क्षण तब आया जब तीनों मित्रों ने एक-दूसरे को गले लगाया और कहा सरकारी सेवा से भले विदाई हो गई, पर दोस्ती अब भी जवान है।

### तुलसी भवन में देवशयनी एकादशी पूजन अनुष्ठान 6 को

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वाधान में देवशयनी, हरिशयनी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन 6 जुलाई रविवार को तुलसी भवन विनोबा नगर में शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगा। प. पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया देवशयनी एकादशी को हरिशयनी, पदमा, आषाढी एकादशी भी कहा जाता है। इस एकादशी तिथि से भगवान विष्णु क्षीरसागर में विश्राम करने के लिए चले जाते हैं। करीब 4 महीने के लिए भगवान विष्णु आराम करते हैं इसलिए इसे चातुर्मास भी कहा जाता है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस दौरान धरती का संचालन भगवान शिव के रुद्र अंश करते हैं।

### विधायक डॉ.पंडाग्रे का जन्मदिन मेहरा समाज ने बनाया यादगार

**बैतूल, देशबन्धु।** मेहरा समाज समिति ने जिले के विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे का जन्मदिन बड़े ही आत्मीयता और गरिमा के साथ मनाया। आयोजन में समाज के प्रमुख पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ, ब्लॉक प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ संरक्षकगण मौजूद रहे। मेहरा समाज समिति के जिला अध्यक्ष संतु सूर्यवंशी के नेतृत्व में समाज के प्रांतीय नोडल जी. सी. पूर्वे, प्रांतीय संरक्षक डॉ. आई. पी. पारधे, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल बिहारे, जिला उपाध्यक्ष भूतासिंह, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चंद्रभान बडौदे, ब्लॉक अध्यक्ष बैतूल संतोष वाघमारे, जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गोल्डी उजोन, युवराज नागले, भैसदेही ब्लॉक अध्यक्ष चोलाराम ऑटोले, युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष भैसदेही राजेन्द्र आठोले, लीलाधर सूर्यवंशी, बालचंद बरकड़े सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विधायक पंडाग्रे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके दीर्घायु और जनसेवा में निरंतर सफलता की कामना की। आयोजन के दौरान विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से मेहरा समाज ने विधायक के प्रति आभार जताया, सामाजिक संगठन की सक्रियता और अनुशासन का परिचय भी दिया। कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं ने समाजहित और जनकल्याण के कार्य करने का संकल्प भी लिया।

भवन की हालत जर्जर, 120 अधिक गांवों से पहुंचते है मरीज

# सरकारी अस्पताल की छत से गिरा प्लास्टर, बाल- बाल बचे मरीज




**चिचोली, देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग अब पूरी तरह कमजोर हो गई है गुरुवार शाम अस्पताल की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। इसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। उपचार करने आए मरीज इधर उधर भागते नजर आए। चिचोली मुख्यालय पर 40 साल पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यहां लगभग 120 से अधिक गांव के मरीज उपचार करने आते हैं। बिल्डिंग की हालत काफी जर्जर स्थिति में है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की छत गिरने का सिलसिला लगभग दो साल से जारी है। इससे पहले भी कई बार स्वास्थ्य कर्मी घायल हो चुके हैं। बारिश के दिनों में अस्पताल की स्थिति और भी खराब रहती है छत से पानी रीसने के कारण अस्पताल के वार्डों में पानी भर जाता है। ऐसी स्थिति में डॉक्टरो को मरीज का उपचार करने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल के सभी वार्डों के सामने एक सूचना पत्रक लगाया है, जिसमें उल्लेख किया है कि अस्पताल में अधिक समय ना बैठे अस्पताल अस्पताल की बिल्डिंग जर्जर हालत में है कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। यह मध्य प्रदेश का पहला अस्पताल होगा जहां पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी वार्ड कक्ष के सामने इस तरह का सूचना पत्रक चश्पा किया गया है।

शासन द्वारा चिचोली मुख्यालय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवीन भवन निमार्ण के द्वारा 99 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन प्रशासनिक अमले की धीमी गति के कारण यह मामला अभी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता ने डोमासिगं कुमरे ने बताया कि अस्पताल काफी जर्जर हालत में है। यहां ज्यादातर मरीज ग्रामीण क्षेत्र से उपचार करने पहुंचते है ।सरकारी अस्पताल की छत से प्लास्टर गिरने का सिलसिला जारी है। समय रहते कोई उपाय नहीं किया गया कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# सांसद बंटी साहू की पदयात्रा चिखली पहुंची, किया स्वागत



**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा छिंदवाड़ा से दादाजी धूनी वाले धाम, खंडवा के लिए निकाली गई पदयात्रा गुरुवार को बैतूल जिले के ग्राम चिखली पहुंची। यात्रा के ग्राम देवगांव आगमन पर एसडी कॉलेज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक सदस्यद्वय रेवती प्रसाद सरले एवं मदन महाजन, संस्था अध्यक्ष डॉ. ललित सरले तथा संचालक डॉ. आशीष महाजन ने सांसद बंटी साहू एवं अन्य पदयात्रियों का पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत करते हुए पवित्र निशान की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात कॉलेज परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सांसद श्री साहू ने पौधा लगाकर सभी को पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय योगदान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा, पांढुर्ना सहित पूरे प्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा से पांढुर्ना होते हुए खण्डवा तक 411 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे है। सांसद श्री साहू की यह चौथी और सबसे लंबी पदयात्रा है। इससे पहले वे जामसांवली तक 61 किमी, महादेव तक 34 किमी और रामेश्वर धाम तक 22 किमी की पदयात्रा कर चुके हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाएगा धरना-प्रदर्शन

# शराब दुकान नहीं हटी तो 9 को होगा आंदोलन

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर के राजेन्द्र वार्ड में स्थित शासकीय आंगनवाड़ी केंद्र के पास शराब की दुकान के खिलाफ तीन महीने से लगातार विरोध और शिकायतों के बावजूद शासन-प्रशासन की चुप्पी अब लोगों के सब्र का बांध तोड़ चुकी है। सीटू यूनियन के बैनर तले 9 जुलाई को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस संबंध में यूनियन के संरक्षक और सीटू यूनियन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामरेड कुंदन राजपाल ने बताया कि राजेन्द्र वार्ड में जहां एक ओर एक से छह वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण आहार का कार्य आंगनवाड़ी केंद्र में किया जाता है, वहीं ठीक सटा हुआ शराब का ठेका 1 अप्रैल से संचालित किया जा रहा है। यहां शराब खरीदने वाले सुबह से देर रात तक आते हैं और आंगनवाड़ी केंद्र के सामने खुले मैदान में बैठकर शराब पीते हैं। इससे आंगनवाड़ी आने वाली गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालिकाएं और छोटे बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। गौरतलब है कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी शिक्षण संस्था, अस्पताल, बस स्टैंड, शासकीय कार्यालय या सार्वजनिक स्थान से 100 मीटर के दायरे में शराब की दुकान नहीं होनी चाहिए। बावजूद इसके यह ठेका आंगनवाड़ी केंद्र से बिल्कुल सटा हुआ है। स्थानीय महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने जब इसका विरोध किया, तो शराब ठेकेदार द्वारा उन्हें डराया-धमकाया गया। इस संबंध में कई समाचार प्रकाशित हो चुके हैं। जब यह मामला आबकारी अधिकारी के पास पहुंचा, तो उन्होंने जवाब दिया कि राजपत्र में आंगनवाड़ी केंद्र का उल्लेख नहीं है, इसलिए दुकान नहीं हटाई जा सकती। यह बात कलेक्टर के संज्ञान में भी लाई गई, जिन्होंने आबकारी विभाग को निर्देश भी दिए, लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने किया निरीक्षण



**आमला, देशबन्धु।** नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे और सीएमओ नितिन बिजवे ने आमला के मटन मार्केट में मछुआ समृद्धि योजना के तहत 5 स्मार्ट फिश पार्लर के भूमि चयन के संबंध में निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने मछुआ समृद्धि योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने मटन मार्केट में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने नागरिकों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कर्मचारी को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए। नपा अध्यक्ष और सीएमओ का निरीक्षण से नागरिकों को उम्मीदें बढ़ी हैं। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने करबला घाट पर मोहर्रम की व्यवस्था और ताजिया विसर्जन के संबंध में निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी कर्मचारियों को समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने स्थल पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, जनरेटर व्यवस्था, मुरूम-डस्ट, पानी टैंकर, सुरक्षा हेतु गोताखोर और फायर दल वाहन उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने करबला घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने करबला घाट पर नागरिकों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने नगर पालिका में योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शत प्रतिशत काम हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने नागरिकों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कर्मचारी को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए। नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने नगर पालिका में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। नपा से उल्लास जोशी, गणेश हारोड़े, अरुण पवार, निलेश सोनारे उपस्थित रहे। नपा अधिकारियों ने नपा अध्यक्ष और सीएमओ के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# अमरावती-जबलपुर ट्रेन के मुलताई रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग

## अनेक मुद्दों को लेकर सांसद और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई तहसील के ग्राम ताईखेड़ा निवासी विजय धाकड़ ने मुलताई रेलवे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर ट्रेन के ठहराव, गरीब परिवारों को 5 किलो से बढ़ाकर 20 किलो प्रति व्यक्ति अनाज देने सहित अन्य मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। इस संबंध में श्री धाकड़ ने गुरुवार को सांसद और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

श्री धाकड़ का का कहना है कि मुलताई एक धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कस्बा है। यहां से बड़ी संख्या में लोग अमरावती, नागपुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर जैसे शहरों में आते-जाते हैं। यह ट्रेन क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक है, लेकिन स्टेशन पर इसका स्टॉपेज न होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मुलताई रेलवे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर ट्रेन के स्टॉपेज होना जरूरी है। श्री धाकड़ ने मप्र में विकलांग, वरिष्ठ नागरिकों और वृद्धजनों की पेंशन 600 से बढ़ाकर 3600 रूपए प्रतिमाह किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आज के समय में महंगाई चरम पर है। ऐसे में 600 प्रतिमाह की पेंशन से न तो दवाइयों का खर्च निकलता है, न ही दैनिक जरूरतें पूरी होती हैं। वृद्धावस्था में अधिकांश लोग बीमारियों से ग्रस्त रहते हैं और उन्हें हर माह दवाई एवं इलाज की आवश्यकता होती है ।बढ़ती महंगाई में 600 से नहीं चलता गुजारा नहीं होता है। पेंशन में वृद्धि कर 3600 रूपए प्रतिमाह किए जाने से ही बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को वास्तविक राहत मिलेगी। श्री धाकड़ ने मप्र में वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले जरूरतमंद परिवारों को मिलने वाले मुफ्त अनाज की मात्रा बढ़ाकर 5 किलोग्राम की जगह प्रत्येक पात्र व्यक्ति को 20 किलोग्राम अनाज प्रति माह दिए जाने की मांग की है। बढ़ती महंगाई और खाद्य पदार्थों के दामों के बीच केवल 5 किलो अनाज से परिवार का गुजारा नहीं हो पाता। विशेषकर वृद्ध, विकलांग और गरीब परिवारों में आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं होता, ऐसे में उनके लिए पर्याप्त खाद्यान्न मिलना अत्यंत आवश्यक है। श्री धाकड़ ने विवाह संबंधी कानूनों में संशोधन की मांग की है, ताकि महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी कानूनी संरक्षण मिल सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान विवाह अधिनियम में महिलाओं को संरक्षण देने के पर्याप्त प्रावधान हैं, किंतु पुरुषों के हितों की अनदेखी की जा रही है। इसी कारण अनेक पुरुष झूठे प्रकरणों में फंसकर मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक प्रताड़ना झेल रहे हैं। दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा एवं अन्य विवाह संबंधी मामलों में कई बार तथ्यों की पुष्टि किए बिना ही पुरुषों पर कार्रवाई की जाती है, जिससे उनका सामाजिक जीवन प्रभावित होता है।

**जिला न्यायालय में खंडपीठ के न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाए:** धाकड़ ने मध्यप्रदेश में न्याय व्यवस्था को सशक्त और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला न्यायालयों में खंडपीठ के न्यायाधीशों की नियुक्ति की मांग की है। ताकि विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और गरीब वर्ग को शीघ्र न्याय मिल सके। उनका कहना है कि वृद्धजनों के मामलों में शीघ्र सुनवाई और जल्द निर्णय होना अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती उम्र, खराब स्वास्थ्य और जीवन की अनिश्चितता को देखते हुए न्याय में देरी उनके लिए मानसिक और आर्थिक पीड़ा का कारण बनती है।

# खंडेलवाल का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनना जिले के लिए गौरव की बात: गायकवाड़

- भाजपाईयों में खुशी का माहौल, आतिशबाजी की



**आठनेर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल मिल चुके है। खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष के लिए केवल एक मात्र नामांकन होने से ही आठनेर सहित पूरे बैतूल जिले में हेमंत खंडेलवाल के प्रशंसकों ने चौक चौराहों पर पटाखे जलाकर मिठाईयां बांटना शुरू कर दिया था और प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन की अधिकारिक घोषणा होते ही पूरे प्रदेश में बैतूल जिले का नाम रोशन हो गया। हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से आठनेर के भाजपाईयों मे हर्ष की लहर है। उत्साही कार्यकर्ताओं ने बस स्टेंड पर एकत्रित होकर आतिशबाजी की और भारत माता की जय ,बीजेपी- हेमंत खंडेलवाल जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष विजय गायकवाड़ ने कहा कि हेमंत भैया का प्रदेश अध्यक्ष बनना बैतूल जिले के लिए गौरव की बात है और यह एक ऐसा गौरवकाल है, जो इतिहास के पन्नो में अमिट होंगा। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सूरज राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश अवस्थी, तरुण साकरे, नगर परिषद उपाध्यक्ष विनय जीतपुरे, पार्षद उमेश बारस्कर, अजय पोटफोड़े, फारुख काज़ी, मदन आजाद, दुर्गेश आज़ाद, सोपान जगताप, सतीश ठाकरे, अमित जितपुरे, दादा चडोकार, वसीम शेख, अनीश काबरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# धूमधाम से मनाया सूर्यपुत्री मां ताप्ती का अवतरण दिवस



**आठनेर, देशबन्धु।** नगर में आषाढ़ शुक्ल सप्तमी के अवसर पर सूर्यपुत्री माँ ताप्ती का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का पहला दिन भजन संध्या और सुंदरकांड के पाठ के साथ शुरू हुआ, जबकि दूसरे दिन माँ ताप्ती की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई, जिसमें सूर्य देव को अपनी पुत्री ताप्ती को आशीर्वाद देते हुए दिखाया गया। इस झांकी की नगर में सराहना की जा रही है। शोभायात्रा के बाद माँ ताप्ती की महाआरती हवन पूजन और विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

ताप्ती जन्मोत्सव मोक्षधाम समिति के संरक्षक भगवंतराव कनाठे ने बताया कि नगर का ताप्ती झिरा एक प्राचीन धरोहर है। यहां ताप्ती जी का जल गुप्त मार्ग से आता है, इसलिए यह लोगों की आस्था का केंद्र है। नगरजन इसे माँ ताप्ती का स्थान मानते है। लगभग 20 वर्षों से सूर्यपुत्री ताप्ती का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें नगर के भक्तों तथा आसपास के गाँवों से आए भक्तों का सहयोग रहता है। मां ताप्ती जन्मोत्सव समिति द्वारा नगर वासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसे प्राप्त करने के लिए मां ताप्ती के भक्तों की भीड़ लगती है आज ताप्ती जी जन्मोत्सव के समापन अवसर पर विशाल भंडारे के साथ यहां वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर माँ ताप्ती जन्मोत्सव समिति के सदस्य गुलाबराव लोखंडे वामनराव गावंडे देवराव सनीचरे साहेबराव ठाकरे भीमराव गावंडे प्रदीप झोड़ सूरज राठौर घनश्याम जितपुरे सुधाकर लोखंडे सूरज कनाठे योगेश देशमुख राजा बारस्कर सूरज गावंडे प्रवीण सराटकर और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशितों को मिली आधुनिक तकनीक और रोजगार योजनाओं की जानकारी

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में अवसरों की कमी नहीं: डॉ.मेहता






**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय महाविद्यालय में चल रहे दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन नवप्रवेशित विद्यार्थियों को आधुनिक सूचना तकनीक, छात्रवृत्ति योजनाएं और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनीता सोनी के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के भूतपूर्व प्राध्यापक डॉ. महेश मेहता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। डॉ. अनीता सोनी ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की अब तक की विकास यात्रा और उपलब्धियों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डॉ. महेश मेहता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक सूचना तकनीक के साथ चलने से ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक को अपनाकर उपलब्धियों की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों से महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों में प्रफुल्लित मन से सहभागिता करने का आह्वान किया।

समारोह के प्रथम सत्र में डॉ. सुभाष खातरकर ने विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। छात्रवृत्ति योजनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ. राजेश शेषकर एवं डॉ. मनोहर गावंडे ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय छात्रवृत्तियों की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया।

डॉ. सोनाली साहू ने मुख्यमंत्री सीखो और कमाओ योजना, एनआईसीई 25 तथा एसडब्ल्यूएवायएएम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर पंजीयन की प्रक्रिया और उनके माध्यम से मिलने वाले प्रशिक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से विद्यार्थी कौशल अर्जन कर सकते हैं और साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. शैली जैन ने महाविद्यालय की पुस्तकालय सुविधा तथा ओएनओएस प्लेटफॉर्म के उपयोग की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। महाविद्यालय के छात्रावास अधीक्षक एल.पी. साहू ने छात्रावास की सुविधाएं, अनुशासन और निवास प्रक्रिया की जानकारी दी, जिससे दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों को विशेष लाभ होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शंकर सातनकर ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शीतल खरे द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. बीडी नागले, प्रो. ओपी खत्री सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, प्राध्यापकगण और कर्मचारीगण मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# पीडब्ल्यूडी ने किया पौधारोपण



**बैतूल, देशबन्धु।** पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की पहल पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बैतूल में भी वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पटेल के नेतृत्व में विभाग की पूरी टीम ने पौधारोपण महाअभियान अंतर्गत सड़कों के किनारे, रेस्ट हाउस परिसरों और विभागीय कार्यालयों में 1200 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर बैतूल एसडीओ डीएस परमार, मुलताई एसडीओ बीआर करमकार, भैंसदेही एसडीओ अखलेश कवड़े, चिचोली एसडीओ आयुशी पांडे सहित स्टाफ पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुआ। इसके अलावा जिले के चारों उपसंभागों में भी पौधारोपण किया गया।

महिला संसद को मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने किया संबोधित, कहा-

# बाबा साहब का अपमान करने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपातकाल इकलौती घटना नहीं थी, बल्कि कांग्रेस लगातार लोकतंत्र और संविधान का अपमान करती रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को जीवन भर अपमानित किया, आज वो उनके बनाए संविधान की दुहाई दे रही हैं। ये नकली वेष में ढोंगी रावण की तरह हैं, इन्हें पहचानें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पीपुल्स ऑडिटोरियम में आपातकाल के 50 वर्ष के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित ''महिला संसद'' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कहा कि पं. नेहरू ने बाबा साहब अंबेडकर और अन्य नेताओं के विरोध के बावजूद संविधान में धारा 370 का प्रावधान किया, जिसके चलते जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पनपा और हजारों लोगों की हत्याएं की गई। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव जीतने नहीं दिया, उन्हें जीवन भर अपमानित किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जब अनुचित तरीकों का प्रयोग करके चुनाव जीतीं, तो विरोधी उम्मीदवार राजनारायण सिंह ने उनके निर्वाचन के खिलाफ याचिका लगा दी। 3 साल तक मुकदमा चलने के बाद जब उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ फैसला दिया, तो इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगा दिया। उन्होंने आकाशवाणी और अखबारों पर रोक लगा दी। हजारों लोगों को जेल में ठूंस दिया। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे नेता श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी जब नेता प्रतिपक्ष थे, तो 1971 के युद्ध के समय उन्होंने सेना की हौसला अफजाई की, देश का मनोबल बढ़ाया। लेकिन दूसरी तरफ आज के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की सेनाओं का मनोबल गिराने वाले शब्दों का प्रयोग करके नेता प्रतिपक्ष पद को कलंकित किया है। डॉ. यादव ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान भाजपा की विचारधारा और परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इस दौरान मीसाबंदी तपन भौमिक का सम्मान किया गया। मंच पर केन्द्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती भारती पंवार, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, श्रीमती कृष्णा गौर, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद संध्या राय, महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित रहीं।

### सत्ता बचाने के लिए थोपा था आपातकाल : शर्मा

पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश में आपातकाल सिर्फ इसलिए लगाया गया था, क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। आपातकाल के दौरान करीब सवा लाख लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया, लेकिन जेपी आंदोलन के माध्यम से देश ने इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब दिया था। इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र को कुचला, तो राहुल गांधी देश की संसद द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रतियां सार्वजनिक रूप से फाड़ते हैं। आज उन्हीं इंदिरा गांधी के परिवार के लोग संविधान हाथ में लेकर उसकी दुहाई दे रहे हैं।

### उल्लेखनीय काम कर रही सरकार : नारोलिया

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित ''महिला मॉक पार्लियामेंट'' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अतिथियों का आभार माना। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। केन्द्र और प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय काम कर बहनों को सम्मान दे रही है।

### आपातकाल देश के माथे पर कलंक था : खंडेलवाल

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अदालत का निर्णय अपने विरोध में आने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इतना घबरा गईं कि उन्होंने लोकतंत्र को कुचल कर देश में आपातकाल लगा दिया। श्री खंडेलवाल ने कहा कि आपातकाल देश के माथे पर कलंक था, यह कलंक कांग्रेस और इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाये रखने के लिए लगाया। निजी स्वार्थों के लिए कांग्रेस ने बाबा साहब के बनाए संविधान को बार-बार संशोधित किया। श्रीमती गांधी ने संविधान बचाने के लिए आंदोलन करने वाले श्रद्धेय अटलजी एवं लालकृष्ण आडवाणी जैसे सैकड़ों लोकतंत्र सेनानियों को जेल भेज दिया। नेता जो उनके राजनीतिक विरोधी थे, उन्हें जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दर्दनाक किस्से हमें याद दिलाते हैं कि एक काला अध्याय इस देश में आया था। उस अध्याय को याद करते हुए हमें यह कोशिश करना है कि हमारे देश की मर्यादा, देश का संविधान और देश का लोकतंत्र सारी दुनिया में सबसे आगे जाएं। श्री खंडेलवाल ने कहा कि दुनिया में जिस देश, जिस समाज ने महिलाओं को सम्मान दिया, उन्हें आगे बढ़ाया, वह देश और समाज भी आगे बढ़ गया। हर वो देश जहां महिलाओं को सम्मान मिला वो दुनिया के नक्शे में अलग ही चमकते हैं। श्री खंडेलवाल ने कहा कि आज समाज और देश को आगे ले जाने के लिए इस आदि शक्ति की जरूरत है, दुर्गा की जरूरत है, सरस्वती की जरूरत है।

मुख्यमंत्री से मिले मैकेन फूड्स के पदाधिकारी

# प्रदेश में 38 सौ करोड़ के निवेश से फ्रोजन आलू उत्पाद इकाई का प्रस्ताव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योग और रोजगार वर्ष : 2025 औद्योगिक विकास की तीव्र संभावनाओं को साकार करने का वर्ष है। राज्य सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। निवेशकों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के रीजनल प्रेसिडेंट पियरे डैनेट एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। मैकेन फूड्स के श्री पियरे डैनेट ने बताया कि मध्यप्रदेश में किसानों को कांट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से स्थायी बाजार बेहतर मूल्य और उन्नत कृषि तकनीक का लाभ दिलवाने के लिए 3800 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। प्रथम चरण में 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और इस निवेश के फलस्वरूप 6300 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा।

वैश्विक कंपनी मैकेन फूड्स भारत में मुख्य रूप से फ्रोजन आलू उत्पादों जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और स्नैक आइटम बनाती है। कनाडा में स्थापित यह कंपनी भारत में वर्ष 2007 से खाद्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में गुजरात के मेहसाणा में कंपनी किसानों से आलू खरीद कर अत्याधुनिक उत्पादन इकाई के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद निर्मित कर रही है। चर्चा के दौरान प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह और आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर को जेल पहुंचाने किए गए बहुआयामी प्रयास

# पुरस्कृत होंगे वन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी कर्मचारी : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश वन विभाग के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों और उसमें प्राप्त हो रही सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन विभाग में रहकर उत्कृष्ट कार्य और बहुआयामी प्रयास करने वाले अधिकारियों और अन्य अमले को पुरस्कृत किया जाएगा। स्टेट टाइगर फोर्स ने न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर के विरूद्ध की गई सटीक विवेचना की बल्कि न्यायालय के स्तर पर भी ठोस पक्ष रखने का कार्य किया, जिसके फलस्वरूप आरोपित व्यक्ति ताशी शेरपा को 5 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

### इंटरपोल मुख्यालय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस से जारी पत्र में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स को अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा के सफलतापूर्वक अभियोजन को पूरा करते हुए सजा दिलवाने के लिए बधाई दी है। स्टेट टाइगर फोर्स की कार्यवाही से अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बेनकाब हुए हैं। जिन गिरोहों के अपराधी भारत सहित नेपाल, भूटान और चीन तक वन्य जीवों की तस्करी में लिप्त रहते हैं, उन पर नजर रखते हुए टाइगर फोर्स ने वैज्ञानिक ढंग से विवेचना का कार्य किया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 19 हजार पदों के लिए ढाई लाख से ज्यादा आवेदन

**भोपाल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जारी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को बेहद सफलता मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### आवेदन की आज अंतिम तिथि

आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 19 हज़ार 504 पदों की पूर्ति के लिए इंदौर संभाग से सबसे अधिक 47 हज़ार 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन में 38 हज़ार 601 सहायिका के पद और 8 हज़ार 515 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। जबलपुर संभाग से कुल 44 हजार 258 आवेदन में से 34 हजार 317 सहायिका के और 9 हजार 941 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन प्राप्त हुए है। सागर संभाग से 33 हज़ार 513 में से सहायिकाओं के पद के लिए 27 हज़ार 857 और कार्यकर्ता के लिए 5 हज़ार 656 आवेदन आए है। वहीं भोपाल में कुल 28 हज़ार 850 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें सहायिका के पद के लिए 22 हजार 397 और कार्यकर्ता के लिए 6 हज़ार 453 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार रीवा से 28 हज़ार 519 कुल आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 23 हज़ार 831 आवेदन सहायिका के और 4 हज़ार 688 आवेदन कार्यकर्ता के लिए प्राप्त हुए है। ग्वालियर संभाग के 28 हज़ार 413 आवेदनों में सहायिका के 22 हज़ार 73 और कार्यकर्ताओं के 6 हज़ार 340 आवेदन प्राप्त हुए है। जबकि उज्जैन संभाग से कुल 24 हजार 159 आवेदनों में से सहायिका के 18 हज़ार 711 और कार्यकर्ता के 5 हज़ार 448, चम्बल संभाग के कुल 14 हज़ार 829 आवेदनों में 12 हज़ार 343 सहायिका के और 2 हज़ार 486 आवेदन कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है। इसके अतिरिक्त शहडोल संभाग से कुल 10 हज़ार 406 आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 7 हज़ार 291 सहायिका और 3 हजार 115 कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त हुए है। नर्मदापुरम से सहायिका के पद के लिए 7,001 और कार्यकर्ता के लिए 3088 कुल 10 हज़ार 89 आवेदन प्राप्त हुए है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने किए बाबा महाकाल के दर्शन, स्वागत कार्यक्रम को किया संबोधित, बोले-

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने आज उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना की। वहीं उज्जैन, देवास, सोनकच्छ, आष्टा और सीहोर में आयोजित स्वागत समारोह को भी श्री खंडेलवाल ने संबोधित किया।

श्री खंडेलवाल ने उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम, प्रतिबद्धता से ही भाजपा को लंबे समय से जनता की सेवा करने का अवसर मिला। भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं को क्षमता और योग्यता के आधार पर दायित्व सौंपता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनकर विश्व गुरू बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी को और मजबूत बनाना है। श्री खंडेलवान ने कहा कि डॉ. यादव उद्योग व रोजगार की नई परंपरा विकसित कर मध्यप्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाकर विकसित बना रहे हैं। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि जनसंघ के समय हमारी पार्टी के सिर्फ 2 ही सांसद थे। विरोधी तंज कसते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से भारत के अधिकांश भू-भाग में भाजपा की सरकारें जनता की सेवा कर रही है और भगवा लहरा रहा है। उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम को प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद उमेशनाथ महाराज, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, बहादुर सिंह चौहान, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष व विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व मंत्री पारस जैन, जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ एवं तेज बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा जनसुनवाई

# पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने आज जनसुनवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने 4 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से व्हीआईपी स्टेट गेस्ट हाउस लालघाटी के सभागार में जनसुनवाई होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर, सदस्य भुवन भूषण कमल जनसुनवाई करेंगे। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं सदस्य सीताराम यादव उपस्थित रहेंगे।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव देवेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग की 32 जातियों, दवेज, भोपा मनभाव, दमामी, हरिदास, कोहरी, फूलमाली (फूलमारी), कलार, जायसवाल, डउसेना, लोढ़ा (तंवर), गोलान, गौलान, गवलान, जादम, कुडमी, रूआला / रूहेला, अब्बासी के साथ सक्का, घोषी गवली और गोली है। इनके अतिरिक्त लिंगायत, महाकुल (राउत), थारवार, जमना लोधी, मनधाव डूकर, कोल्हाटी, घड़वा, झारिया, वोवरिया, मोवार, रजवार, सुत सारथी, तेलंगा, तिलंगा, गयार / परधनिया, बया महरा / कौशल, वया थोरिया, खरादी, कमलीगर, संतराम, शेख मेहतर को केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित करने के संबंध में जनसुनवाई आयोजित की गई है।

# भाजपा राष्ट्रीय परिषद में पुराने दिग्गजों को मिली जगह, सिंधिया भी शामिल, मगर समर्थक नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा की राष्ट्रीय परिषद में कई पुराने दिग्गज नेताओं की वापसी हुई है। बुधवार को घोषित इस सूची में ऐसे कद्दावर नेताओं को भी जगह दी गई है जो कुछ समय से सत्ता और संगठन से दूर थे। इनमें कुछ ऐसे नाम भी हैं जिन्हें पहले सरकार का संकट मोचक कहा जाता था। संगठन में भी कई बार यह बड़ी भूमिका में नजर आए।

राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में गोपाल भार्गव, नरोत्तम मिश्रा, अर्चना चिटनिस, गौरी शंकर बिसेन, जयंत मलैया को शामिल किए जाने को पार्टी में अनुभव और संतुलन की वापसी के तौर पर देखा जा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस सूची में ज्योतिरादित्य सिंधिया को तो जगह मिल गई लेकिन उनका कोई भी समर्थक मंत्री तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, प्रद्युम्न सिंह तोमर को जगह नहीं मिली है। मध्यप्रदेश से भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य सत्यनारायण जटिया, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री राकेश सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष अजा मोर्चा और पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव, मंत्री इंदर सिंह परमार, मंत्री नागर सिंह चौहान, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक और राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धुर्वे, सांसद सुधीर गुप्ता, प्रदेश सह प्रभारी महाराष्ट्र जयभान सिंह पवैया, विधायक और पूर्व मंत्र जयंत मलैया, सांसद गणेश सिंह, विधायक और पूर्व मंत्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, सांसद सुमेर सोलंकी, सांसद और प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, मंत्री एंदल सिंह कंसाना, सांसद संध्या राय, सांसद हिमाद्री सिंह, सांसद भारती पारधी, सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक और पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस, विधायक नीना वर्मा, विधायक कुंवर सिंह टेकाम, विधायक प्रदीप लारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व मंत्री कमल पटेल, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, पूर्व सांसद आलोक संजर के नाम शामिल हैं।

पहले दिन 40 लोगों ने दिया साक्षात्कार

# बूथ स्तर पर प्रशिक्षण के लिए सौ से अधिक लोगों का चयन कर रही कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस बूथ स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देगी। इसके लिए गुरुवार को प्रशिक्षकों के चयन के लिए 40 लोगों का साक्षात्कार लिया गया। कल बाकी लोगों का साक्षात्कार होगा। पार्टी प्रशिक्षण के लिए ऐसे 110 लोगों को तैयार कर रही जिन्हें कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा के बारे में अवगत करा सकें।

इस प्रशिक्षण में प्रदेशभर से करीब 2 सौ से अधिक प्रशिक्षकों के उम्मीदवार शामिल हैं। साक्षात्कार के जरिए उनकी योग्यता, अनुभव और प्रशिक्षण कौशल का मूल्यांकन किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कमले ने बताया कि कांग्रेस की विचारधारा समझने वाले लोगों का साक्षात्कार लिया जा रहा है। इसमें ऐसे लोगों को जोड़ा जाएगा जो पार्टी के लिए समय दे पाए। इसमें उम्र की कोई बाध्यता नहीं है। सभी शामिल हो सकते हैं बस पार्टी के लिए समर्पण होना जरूरी है। इनको हम पार्टी स्तर पर तैयार करेंगे और उसके बाद ये बूथ स्तर पर जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे।

नीति आयोग और जीआईजेड इंडिया की संयुक्त कार्यशाला आयोजित, वक्ताओं ने कहा-

# विकास में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी जरूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** सतत विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें निजी क्षेत्र, नागरिक समाज और आमजन की साझेदारी अनिवार्य है। यह बात मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषि गर्ग ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की रणनीति किस प्रकार सतत विकास लक्ष्यों के साथ सुसंगत है। श्री गर्ग आज प्राइवेट सेक्टर एंगेजमेंट इन एसीलेरेटिंग एसडीजी इंप्लीमेंटशन इन मध्यप्रदेश विषय पर गुरुवार को भोपाल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'विकसित मध्यप्रदेश ᐧ2047 ' के तहत राज्य की योजना में 22 प्रमुख मिशन और 300 से ज्यादा एक्शन पॉइंट्स शामिल हैं, जिनमें से 200 से अधिक लक्ष्यों को आगामी 5 वर्षों में पूरा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत स्तर पर 22 हजार 519 ग्राम पंचायतों को 9 विषयों पर प्रशिक्षित किया गया है। कार्यशाला में जीआईजेड इंडिया की परियोजना प्रमुख सुश्री हेनरीके पाईशर्ट ने इंडो-जर्मन सहयोग की विस्तृत




जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीआईजेड राज्य सरकार को योजना निर्माण, क्षमता संवर्धन, सहभागिता और निगरानी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग कर रहा है। उद्घाटन सत्र में यूएनडीपी की स्थाानीय प्रतिनिधि सुश्री एंजेला लुसीगी ने वैश्विक एसडीजी प्रगति की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने भारत और विशेष रूप से मध्यप्रदेश की प्रशंसा की, जहां गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा और जल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।


मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपीएसआरएलएम) की सीईओ हर्षिका सिंह ने 'लखपति दीदी' योजना सहित अन्य नवाचारों की जानकारी दी, जो निजी क्षेत्र के साथ संभावित सहयोग के नए अवसर खोलते हैं। विशेषकर जलवायु-अनुरूप कृषि, वेस्ट मैनेजमेंट और कार्बन क्रेडिट जैसे क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल की है।

तकनीकी सत्र में आईआईटी इंदौर के प्रो. मनीष गोयल ने एनडीवीआई आधारित भूमि क्षरण और सूखा जोखिम का अध्ययन प्रस्तुत किया। डॉ. आशीष देसाई (एसपी जैन, मुंबई) ने निजी क्षेत्र की भूमिका रेखांकित किया और एचयूएल के शक्ति एएमएमए कार्यक्रम ईएसजी निवेश और वसुधैव कुटुंबकम की प्रशंसा की। प्रिंसिपल आर्किटेक्ट दिवाकर किशोर ने डिजिटल तकनीक, डेटा और विविधता के संयोजन से 70 प्रतिशत एसडीजी लक्ष्यों की पूर्ति की संभावना जताई। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने भूमि क्षरण, निजी निवेश, विज्ञान और सीएसआर फंडिंग पर गहन प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर ऋषि गर्ग ने राज्य की प्रतिबद्धताओं के साथ दिया।

पैनल चर्चा का संचालन हेनरीके पाईशर्ट ने किया। इस चर्चा में ओडिशा, इंडो-जर्मन चेम्बर ऑफ कॉमर्स, यूएनडीपी और एसपी जैन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीटयूट के विशेषज्ञों ने वित्तीय नवाचार, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, ग्रीन स्किलिंग और जोखिम न्यूनीकरण जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव साझा किए। अजर्मन काउंसिल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की सुश्री अन्ना लोटा नागेल ने स्थानीय सतत विकास रिपोर्टिंग पर अपने अनुभव साझा किए।

मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग और जीआईजेड इंडिया के संयुक्त तत्वावधान आयोजित यह कार्यशाला इंडो-जर्मन ग्रीन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट पार्टनरशिप (जीएसडीपी) परियोजना के तहत आयोजित की गई। इस अवसर पर इंडो-जर्मन जीएसडीपी परियोजना का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार राजीव कुमार सेन ने एसडीजी इंडिया इंडेक्स, बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमडीपीआई), और राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क पर विस्तृत जानकारी दी।

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA,
B.P.E.S., B.Sc., B.Lib
B.Com (Economics/ Computer/Hon's)



PG COURSE
M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com: Accounts & Management
B.Ed.: Bachelor of Education
(Online Counselling)
Direct Admission
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma In Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
MBA प्रवेश प्रारंभ छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध*
माँ शांतादेवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी D फार्मा
DIPLOMA IN PHARMACY (2 YEAR)
(12th BIO/MATH'S) For Year 2025-26
पता : इटारसी रोड, बैतूल मो. 9425003213, 7000863213 प्रवेश प्रारंभ

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।